4 रायपुर संभाग
अमानक बीज-खाद बेचने वाले...

6 अभिमत
संविधान की सर्वोच्चत...

09 छत्तीसगढ़
भाटापारा नगरवासियों को ...

10 छत्तीसगढ़
लंजोड़ा में आयोजित समाधान शिविर में 271 आवेदन प्राप्त...

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-269
रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00




## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों के हमले में पांच लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया।

### अशोका विश्वविद्यालय के प्रो. महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया। उच्चतम न्यायाल ने हालांकि, मामले में प्रोफेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### गिरावट से उबरा बाजार

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ।

# बसवराजू समेत 27 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद, एक घायल

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुये हैं। मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृहमंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और एक जवान घायल भी हुए हैं। मुठभेड स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। सूत्रों के अनुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि कोंडागांव, नारायणपुर व बीजापुर के सीमा क्षेत्र इलाके में मुठभेड़ जारी है।

### सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्धः मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सिलयों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। पीएम ने कहा इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

### पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को धरातल पर साकार कर रहे हमारे सुरक्षाबल : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा नारायणपुर जिले में छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी यूनिट ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों और अत्यधिक चुनौतियों के बीच वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध एक बड़े अभियान को अंजाम दिया है। इस ऑपरेशन में अब तक 27 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें कुख्यात नक्सल लीडर नंबाला केशव राव के मारे जाने की भी पुष्टि हुई है। यह नक्सल नेटवर्क की रीढ़ पर करारा प्रहार है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस वीरता और सफलता के लिए डीआरजी के साहसी जवानों को नमन करते हुए कहा कि यह केवल एक ऑपरेशन नहीं, बल्कि देश और प्रदेश की स्थायी शांति की ओर एक निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान एक जवान के वीरगति को प्राप्त होने तथा कुछ जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने घायल जवानों के समुचित उपचार के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश और प्रदेश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित मार्च 2026 की समय सीमा को लक्ष्य मानते हुए छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साहस और वीरता से नक्सल उन्मूलन अभियान निर्णायक सफलता की ओर अग्रसर है।

## पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना



पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जद(यू) सांसद संजय झा और द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल कल रवाना होंगे। संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा, जबकि कनिमोझी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा।

## भारत ने एक और पाकिस्तानी अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को उसकी आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण अवांछित घोषित कर दिया और उसे 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार ने नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में उसकी आधिकारिक स्थिति के प्रतिकूल गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। उक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को आज इस आशय का आदेश जारी किया गया। उनसे सख्ती से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी तरह से दुरुपयोग न करे।

### पहलगाम खुफिया विफलता के लिए अमित शाह जिम्मेदारः कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले को सुरक्षा चूक बताते हुए इसे खुफ़िया तंत्र की बड़ी विफलता करार दिया और कहा कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह आतंकी हमला पूरी तरह से खुफ़िया विफलता और सुरक्षा की चूक है और इसकी जिम्मेदारी शाह को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के घटनास्थल पर न तो कोई सुरक्षा पोस्ट थी, न ही कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद था जबकि शाह ने हमले से कुछ दिन पहले ही सुरक्षा का जायजा लिया था और कहा था कि सब ठीक है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि 17 अप्रैल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया था। इसका मतलब है कि कुछ खुफिया सूचनाएं मिली थीं। अगर मोदी सरकार को ये सूचनाएं मिली थीं, तो एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए गए।


## अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जायेगा : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरूवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जायेगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किये जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पएम मोदी गुरूवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने कहा, भारतीय रेल के लिए कल का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढे ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

### उरकुरा समेत छत्तीसगढ़ के 5 स्टेशन शामिल




**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार प्रातः 9:30 बजे वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उदघाटन करेंगे। इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से 103 स्टेशन अब पूरी तरह तैयार हैं। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य के 05 स्टेशन शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर मंडल के अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल के उरकुरा भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं।

### जशपुर के ग्राम दोकड़ा के समाधान शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## मैं आपके गांव-घर का बेटा, प्रदेश को विकास की राह में ले जाना मेरा संकल्प : साय

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुर
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रदेश के कोने-कोने में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने निकले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़नखटोला उनके गृह जिले जशपुर के दोकड़ा ग्राम में उतरा। यहाँ समाधान शिविर में उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही और पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की हकीकत जानी। मुख्यमंत्री साय ने आमनागरिको को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आपके गाँव घर का बेटा हूँ। मेरा सौभाग्य है कि आपके आशीर्वाद से प्रदेश का मुख्यमंत्री बना। प्रदेश को विकास की राह में ले जाना मेरा संकल्प है। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि आपके आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी है। विगत डेढ़ वर्ष में विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सरकार बनते ही पहले केबिनेट में पीएम आवास के हितग्राहियों के लिए 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार आवास बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर में 3 लाख आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। अम्बिकापुर में केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह ने 51 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनका मकान पक्का नहीं है उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। एसईसीसी और आवास प्लस के सर्वे में जिनका भी नाम है सभी का मकान बनेगा। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास के लिए इस वर्ष बजट में बड़ी राशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने किसानों से जो वादा किया था उसे पूरा किया। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का बकाया बोनस की राशि भी दी। भूमिहीन कृषि मजदूरों को राशि देना शुरू किया है। महतारी वन्दन योजना से महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार की राशि देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और महिला सशक्तिकरण का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तेन्दूपत्ता के हितग्राहियों को लाभान्वित करने 4000 एकड़ प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक राशि को बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या में प्रभु राम के दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों को भेजने के साथ ही अब मुख्यमंत्री तीर्थ योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में हमारे प्रदेश के 60 वर्ष से अधिक कोई भी व्यक्ति देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में निःशुल्क जा पाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया को आसान बनाकर नामान्तरण की प्रक्रिया को भी सरल कर दिया है। अब नामान्तरण के लिए किसी के पास जाने की जरूरत नहीं है। जमीन रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण हो जाएगी।

### सर्वे सूची में शामिल हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर जशपुर जिले के ग्राम दोकड़ा में अचानक उतरा और वे वहां आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने दोकडा में कालेज और मिनी स्टेडियम की घोषणा की। उन्होंने वहां के प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र, वनवासी कल्याण आश्रम के उन्नयन, के साथ ही डोरियामुडा जलाशय का सौन्दर्यकरण कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मंगल भवन के जिर्णोद्धार के लिए 20 लाख और शिव मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कराए जाने की भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम लोग गांव-गांव पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के सर्वे सूची में जितने भी हितग्राहियों का नाम है सभी को पीएम आवास स्वीकृत किया जाएगा। पिछले डेढ़ वर्षों में मोदी की अधिकांश गारंटी को हमारी सरकार ने पूरा किया है। सुशासन तिहार के दौरान पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को नए आवास स्वीकृति के साथ ही पूर्ण हो चुके गए पीएम आवासों की चाँबी सौंपकर उन्हें गृह प्रवेश कराया जा रहा है।

## भारत ने जतायी वैश्विक स्वास्थ्य के लिये प्रतिबद्धता

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये कहा है कि विश्व में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढ़ांचा मजबूत किया जाना चाहिए और चिकित्सा सुविधाओं तक सभी की समान पहुंच होनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बुधवार को 78 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ट्रैकोमा-मुक्त के रूप में प्रमाणित किया है और देश टीबी, कुष्ठ रोग, लिम्फैटिक फाइलेरियासिस, खसरा, रूबेला और कालाजार जैसी बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीवास्तव जिनेवा में हो रही विश्व स्वास्थ्य सभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए पिछले दशक में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़ाकर 780 कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने एक कानूनी और बाध्यकारी ढांचे के लिए भारत के मजबूत समर्थन को भी दोहराया।

### केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील, वक्फबोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना उचित

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ(संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दूसरे दिन बुधवार को सुनवाई की और गुरुवार को भी सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार के रुख का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी परंपरा संबंधित वक्फ इस्लाम के तहत एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना संविधान के दायरे में है। मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दान हिंदू धर्म और ईसाई धर्म सहित हर धर्म में मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि दान एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन, उचित खाते और ऑडिट सुनिश्चित करना, सभी प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं।

# पारंपरिक रूप से निर्मित आईएनएसवी कौंडिन्य भारतीय नौसेना में शामिल

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय नौसेना ने पारंपरिक रूप से 'सिले हुए जहाज' को अपने बेड़े में शामिल कर उसे आईएनएसवी कौंडिन्य नाम दिया है। इस जहाज को बुधवार को कारवाड़ स्थित नौसेना बेस में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जो भारत की समृद्ध जहाज निर्माण विरासत को संजोने वाली एक असाधारण परियोजना के समापन का प्रतीक है। आईएनएसवी कौंडिन्य एक सिला हुआ पाल वाला जहाज है, जो अजंता की गुफाओं की पेंटिंग में दर्शाए गए 5वीं शताब्दी के जहाज पर आधारित है। इस परियोजना की शुरुआत संस्कृति मंत्रालय, भारतीय नौसेना और मेसर्स होदी इनोवेशन के बीच जुलाई 2023 में हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से की गई थी, जिसके लिए संस्कृति मंत्रालय ने वित्त पोषण किया था। सितंबर 2023 में इस जहाज के निर्माण की शुरूआत की गई। इस जहाज का निर्माण केरल के कुशल कारीगरों की एक टीम ने सिलाई की पारंपरिक विधि का उपयोग करके किया था। इसका नेतृत्व मास्टर शिपराइट बाबू शंकरन कर रहे थे। कई महीनों तक, टीम ने कॉयर रस्सी, नारियल फाइबर और प्राकृतिक राल का उपयोग करके जहाज के पतवार पर लकड़ी के तख्तों को बड़ी मेहनत से सिल दिया। इस जहाज को इस वर्ष फरवरी में गोवा में लॉन्च किया गया था। भारतीय नौसेना ने इस परियोजना में केंद्रीय भूमिका निभाई और इसकी डिजाइन, तकनीकी सत्यापन और निर्माण प्रक्रिया की देखरेख की। ऐसे जहाजों के कोई बचे हुए ब्लूप्रिंट न होने के कारण, डिजाइन को प्रतीकात्मक स्रोतों से अनुमान लगाया जाना था। नौसेना ने जहाज निर्माता के साथ मिलकर पतवार के आकार और पारंपरिक रिगिंग को फिर से बनाया और यह सुनिश्चित किया कि डिजाइन को समुद्री इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास में हाइड्रोडायनामिक मॉडल परीक्षण और आंतरिक तकनीकी मूल्यांकन के माध्यम से प्रमाणित किया गया था। भारतीय नौसेना के नौवहन पोत (आईएनएसवी) के रूप में शामिल, कौंडिन्य कारवाड़ में स्थित रहेगा। यह जहाज अब अपने अगले ऐतिहासिक चरण में प्रवेश करेगा, जिसमें गुजरात से ओमान तक प्राचीन व्यापार मार्ग के साथ एक महासागरीय यात्रा की तैयारी शामिल है जो इस वर्ष के अंत में निर्धारित है।

## गोवा में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होगा वेधशाला टावरों का निर्माण

**नयी दिल्ली।** सरकार गोवा में पर्यटकों के आकर्षण के लिए वेधशाला टावरों का निर्माण करेगी जो पेरिस के एफिल टॉवर से प्रेरित घूमने वाले रेस्तरां तथा आर्ट गैलरी से सुसज्जित होगी और इन टावरों को वैश्विक पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित किया जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को गोवा में न्यू जुआरी ब्रिज के ऊपर वेधशाला टावरों के लिए भूमिपूजन करेंगे। इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। परियोजना की अनुमानित लागत 270.07 करोड़ रुपये है और इसे पांच वर्षों में पूरा किया जाएगा। इसमें पेरिस के एफिल टॉवर से प्रेरित वेधशाला टॉवर होंगे जहां घूमने वाले रेस्तरां तथा आर्ट गैलरी होगी जिसे वैश्विक पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित किया जाएगा। ये टावर गोवा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज मील का पत्थर साबित होंगे।

# मध्यप्रदेश देश का दिल है, इसकी धड़कनों में प्रदेश की आहट होना चाहिए : सीएम यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल है और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होना चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन मध्यप्रदेश की क्षमता को दर्शाता है। डॉ यादव यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान तथा उनसे संवाद के लिए यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. यादव ने ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने पुस्तिका 'मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं का परचम' का विमोचन किया। इस अवसर पर ई-ज्ञानसेतु और चयनित प्रतिभागियों पर वृत चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, प्रतिभागी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक स्वस्थ्य लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की ही देन है कि जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यह भी गर्व का विषय है कि सिविल सेवा में चयनित अधिकांश युवाओं ने शासकीय स्कूलों से पढ़ाई की है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में श्रद्धेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा। डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के उद्धरण देते हुए अभ्यर्थियों से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जनसामान्य के प्रति संवेदनशील, जनकल्याण के लिए सक्रिय और लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। डॉ यादव ने अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन कल्याण और देश का विकास लोक सेवा का मुख्य उद्देश्य है। चयनित अभ्यर्थी अपनी कार्यकुशलता और निपुणता के साथ परिश्रम करेंगे तो उनके कार्यों और भावनाओं की सुगंध चंदन की तरह वातावरण में फैलेगी।

# धनबाद से 31 मई को चलाई जाएगी 'भारत गौरव पर्यटन ट्रेन'

एजेंसी ➤ समस्तीपुर
www.dailypioneer.com



इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'देखो अपना देश' पहल के तहत 31 मई को झारखंड के धनबाद स्टेशन से 'भारत गौरव पर्यटन' ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। आईआरसीटीसी (पूर्वी क्षेत्र) कोलकाता के मुख्य प्रवेक्षक संजीव कुमार ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को 33 प्रतिशत की रियायत प्रदान करने का फैसला लिया है। यह ट्रेन 31 मई को धनबाद से खुलेगी और हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर तीर्थ यात्रियो को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी। कुमार ने बताया कि यह यात्रा 12 रात और 13 दिन की होगी। ट्रेन में स्लीपर क्लास का टिकट दर प्रति व्यक्ति 23 हजार 575 रुपये एवं थ्री एसी का 39 हजार 990 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं को उज्जैन के महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर ज्योतिलिंग, सोमनाथ ज्योतिलिंग, द्वारिका के द्वारकाधीश, शिरडी के साई बाबा, एवं नासिक के त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिलिंग एवं भीमा शंकर ज्योतिलिंग समेत विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराया जायेगा। इस ट्रेन से यात्रा करने वाले इच्छुक तीर्थ यात्री दूरभाष संख्या-95937731 एवं 8595937732 के साथ-साथ आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर जाकर टिकट बुकिंग कर सकते है।

## बाल श्रम निषेध सामूहिक जिम्मेदारी है : अपर समाहर्ता

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा के अपर समाहर्ता (राजस्व) नीरज कुमार दास ने कहा कि बाल श्रम निषेध एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी को इस मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा तभी इस पर पूरी तरह रोक लगेगी। दास ने यहां बाल श्रम निषेध विषय पर अम्बेडकर सभागार में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बाल श्रम निषेध एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य से जुड़ा है। बाल श्रम का अर्थ है बच्चों को ऐसे काम में लगाना जो उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए हानिकारक है और बाल श्रम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी प्रभावित होता है। उनकी शिक्षा बाधित होती है और वे अपने भविष्य को सुधारने के अवसरों से वंचित हो जाते हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि बाल श्रम निषेध के लिए संविधान में भी स्पष्ट प्रावधान है, फिर भी यह प्रथा समाज में व्याप्त है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों से अनुरोध किया कि वह बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता बढ़ाएं और इसके प्रभावों के बारे में लोगों को शिक्षित करें। श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा ने बताया कि भारत में बाल श्रम अधिनियम, 1986 लागू है।


## संतकबीरनगर में गृहकर, यूजर चार्ज लगाने को लेकर किया घेराव

एजेंसी ➤ संतकबीरनगर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर में नगर पंचायत मगहर द्वारा दस फीसद गृह कर बढाने तथा प्रत्येक घर से कूड़ा उठाने के नाम से यूजर चार्ज लगाने को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ को घेरा और ज्ञापन दिया। नगर पंचायत के पूर्व सभासद टी एन वर्मा, भाजपा नेता सुजीत गुप्ता व संदीप वर्मा ने संयुक्त रूप से नेतृत्व करते हुए नागरिकों के साथ नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए कहा कि कस्बे की जनता के पास आय के स्रोत नहीं बढ़े हैं जिसके कारण परेशानी में जीवन गुजार रहे हैं। इसी बीच नगर पंचायत द्वारा गृह कर में स्वकर प्रणाली लागू कर दिया गया जिसमें लोगों ने हाउस टैक्स निर्धारित किया गया उसमें भी दस फीसद की वृद्धि की गई है। जनता ने उसे स्वीकार कर कर लिया जिसे जमा करने में परेशानी होती है। वहीं दूसरी तरफनगर पंचायत द्वारा डोर टू डोर कूड़ा संग्रह करने के नाम यूजर चार्ज के रूप में नगर की जनता पर अतिरिक्त बोझ थोपा जा रहा है। यूजर चार्ज के रूप में 1080 रुपये वार्षिक वसूले जाने का जनता ने विरोध किया। इस यूजर चार्ज को पूरी तरह से समाप्त करने की चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी से मांग की है। विरोध को देखते हुए चेयरपर्सन अनवरी बेगम ने कहा है कि उन्होंने व सभासदों ने कार्यालय को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि जब तक बोर्ड की बैठक नहीं हो जाती है तब तक के लिए नई वसूली न की जाए।

## अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने एक बयान में कहा



कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। सरकार के पास आश्वासन के अलावा कुछ नहीं। झूठ, लूट और भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। पुलिस हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें भाजपा सरकार में हो रही है। भाजपा सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है। जनहित में काम करने के बजाय भाजपा सरकार निर्दोशों का उत्पीड़न कर रही है।

## जौनपुर में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस ने किया रक्तदान

**जौनपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला अध्यक्ष संदीप सोनकर के नेतृत्व में हुआ, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इस दिन को पूरे देश में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वीर विक्रम बहादुर सिंह 'बाबा' ने कहा, राजीव गांधी की दूरदर्शिता और साहसिक निर्णयों ने भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष संदीप सोनकर ने कहा, राजीव गांधी ने युवाओं को राजनीतिक अधिकार देकर मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त किया, कंप्यूटर क्रांति की नींव रखी और शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लिए। उनके इन योगदानों को याद करते हुए हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



## ओडिशा सरकार में नवनियुक्त महिला कर्मचारियों को भी मिले मातृत्व अवकाश

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने नवनियुक्त महिला सरकारी कर्मचारियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह नियम न केवल सामान्य प्रसव के मामलों में लागू होते हैं, बल्कि सरोगेसी के माध्यम से माता-पिता बनने वाले कर्मचारियों के लिए भी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश लेने में लंबे समय से आ रही समस्याओं का प्रभावी समाधान हो गया है। पहले मातृत्व अवकाश का लाभ किस समय-सीमा के दौरान लिया जा सकता है, इस बारे में अस्पष्टता थी। नए नियमों में उन शर्तों और अवधि को स्पष्ट किया गया है, जिनके तहत छुट्टी ली जा सकती है। एक प्रमुख चिंता जिसका समाधान इस नियम में किया गया है,वह स्थिति है जहां एक महिला सरकारी सेवा में शामिल होती है, जब उसके पहले से ही बच्चे का जन्म हो चुका होता है।

## हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

एजेंसी ➤ फिरोजाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की एक अदालत ने हत्या के विचाराधीन मामले में सुनवाई के वाद दो आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा आर्थिक दंड भी लगाया गया है। घटनाक्रम वर्ष 2013 मे 3 अक्टूबर का था थाना फरिहा के गांव कोडर में ग्रामीणों नेदो युवकों को भैंस चोर समझ कर मारपीट कर दी थी मारपीट से दोनों दलित युवको की मौत हो गई थी। बाद में दोनों शवों को नाले में फेंक दिया था जिन्हें पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। उप निरीक्षक कन्हैया सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने प्रधान जितेंद्र प्रताप उर्फ जेपी ,प्रेमपाल , रविन्द्र , भूपेंद्र निवासी कॉडर तथा गिरेंद्र निवासी सीतापुर नगला, अमर सिंह थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एस सी एसटी एक्ट नवनीत गिरि की अदालत में चला।

## टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर गौतम यादव गिरफ्तार


एजेंसी ➤ डालटनगंज
www.dailypioneer.com

झारखंड की पलामू जिला पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हुए टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर गौतम यादव को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उग्रवादी के वाराणसी में होने की सूचना मिलने के बाद पलामू पुलिस वहां गई और स्थानीय पुलिस के सहयोग से गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया। गौतम नाम बदल कर इलाज करवा रहा था। मुठभेड़ से जुड़ी पुलिस को कई बातों की जानकारी मिली है, जिसके बाद आगे का अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि इससे पूर्व पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि गौतम यादव, उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपना नाम बदलकर इलाज करवा रहा है। इसी सूचना के आलोक में एएसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का सत्यापन किया।

पूछताद के बाद नक्सली को वाराणसी की कोर्ट में पेश किया जाएगा। गौतम यादव का पुलिस अभिरक्षा में ही इलाज किया जाएगा। हालत में सुधार होने के बाद मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 15 मई को पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के होटवाग में पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें नक्सलियों को समाप्त करने के लिए संकल्पित : शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सुरक्षा बल देशभर में नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने में जुटे हुए हैं। शर्मा ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह कह चुके हैं कि देश के सिर्फ छह जिलों में ही नक्सली वर्तमान में सक्रिय हैं। उन्होंने मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें नक्सलियों को समाप्त करने के लिए कृत संकल्पित हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। मध्यप्रदेश के एक जिले बालाघाट में कुछ नक्सलियों की सक्रियता का पता चलता है। हाल ही में हमारे जाबांज सुरक्षा बलों ने बालाघाट के बिलालकसा गांव के पास नक्सलियों के मूवमेंट पर घेराबंदी की है। सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ लगातार सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को देश से समाप्त करने की जो समय-सीमा निर्धारित की है, उसके पहले ही मध्यप्रदेश से नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा।

## बस्ती में राधिका हत्याकाण्ड का खुलासा, आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने राधिका हत्याकाण्ड का बुधवार को खुलासा करते हुए आरोपी के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया है कि मंगलवार को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पाण्डेय बाजार में राधिका देवी (38) का शव अधजला पाया गया था। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की गयी थी। बुधवार को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर सबदेईया कला गांव के पास आरोपी मनोज निवासी ताहिरा हास्पिटल स्टेशन रोड को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

# समाज ऐसे लोगों को सदैव स्मरण रखता है जो अपने जीवन को समाज के उत्थान के लिए समर्पित करते हैं : राज्यपाल

एजेंसी ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय चिंतन, संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा को जनजातीय क्षेत्रों तक पहुँचाने का यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने विकास समिति, झारखण्ड द्वारा आचार्य प्रशिक्षण केंद्र, कुदलुंग, नगड़ी, राँची में आयोजित जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित करते कहा कि आपके कार्यों के बारे में पहले भी सुना था व समझता था, किन्तु प्रत्यक्ष रूप से देखकर अत्यन्त हर्ष हुआ। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा महिला आचार्याओं की । इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 387 आचार्यों की उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थिति को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है तो पूरा समाज शिक्षित होता है और यहाँ का दृश्य जनजातीय समाज में शिक्षा की गहरी जड़ें और महिलाओं की अग्रणी भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्या विकास समिति के अंतर्गत झारखण्ड में 213 औपचारिक विद्यालय और 209 सरस्वती संस्कार केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा सुलभ कराया जा रहा है, नगर की उपेक्षित बस्तियों में संस्कारयुक्त निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जा रही है, यह अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने इसे सशक्त सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जनजातीय समाज के शिक्षित युवक-युवतियाँ अपने गाँव और समाज के बच्चों को न केवल अक्षर और अंक ज्ञान, बल्कि उससे भी अधिक महत्वपूर्ण संस्कारों की शिक्षा दे रहे हैं। राज्य के 264 प्रखंडों से आए आचार्यों की सहभागिता को उन्होंने राष्ट्रीय चेतना के जागरण के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री का जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना में झारखण्ड को प्रमुखता दी जा रही है। राज्यपाल ने 'विद्या भारती' की उस संकल्पना की सराहना की जिसमें यह स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी मूल्यपरक शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने आचार्यगणों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में केवल शिक्षक नहीं, बल्कि संस्कारों के संवाहक बनें। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं, परंतु जो दूसरों के लिए जीते हैं, वही वास्तव में जीते हैं।

## पश्चिमी चंपारण में जेल गेट से कैदी फरार

**बेतिया।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में अदालत में पेशी के बाद जेल ले जाने के दौरान जेल गेट के निकट से सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर कैदी व्यास कुमार हथकड़ी सहित फरार हो गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मझौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की से यौन शोषण के मामले में व्यास कुमार को गिरफ्तार किया गया था। पेशी के बाद जेल गेट के समीप व्यास कुमार सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। फरार कैदी मझौलिया थाना क्षेत्र के धनकुटवा का रहने वाला है। थानाध्यक्ष विवेक बालेंदु ने बताया कि गृहरक्षक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक दीप ने बताया कि फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है।

# निजीकरण के विरोध में यूपी में बिजलीकर्मियों का प्रदर्शन शुरू

एजेंसी ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में से तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। संघर्ष समिति ने पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन और प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि वे अवैध ढंग से नियुक्त कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को बचाने की साजिश कर रहे हैं और बैक डेटिंग कर फर्जीवाड़ा करने वाले कंसल्टेंट को दोषमुक्त करने में लगे हैं। इसके लिये निदेशक वित्त, निधि नारंग को कार्यकाल पूरा होने के बावजूद एक और सेवा विस्तार देने की तैयारी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के कार्यक्रम के तहत से बिजली कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रदेश के सभी जिलों, परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में विभिन्न दफ्तरों में काम करने वाले बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा और वे अपराह्न दो बजे कार्यालयों के बाहर आ गये और जोरदार विरोध प्रदर्शन तीन घण्टे तक किया। संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और प्रबन्धन अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन को बचाने की साजिश कर रहे हैं। इस हेतु निदेशक वित्त, निधि नारंग का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाने की तैयारी है। यह पता चला है कि नये नियुक्त किये गये निदेशक वित्त, पुरूषोत्तम अग्रवाल ने ग्रांट थॉर्टन को झूठा शपथ पत्र देने और अमेरिका में लगी पेनेल्टी के मामले में क्लीन चिट देने से मना कर दिया है और उन्होंने निदेशक वित्त का कार्यभार ग्रहण करने से मना कर दिया है। इसके बाद मौजूदा निदेशक वित्त, निधि नारंग का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया जाने वाला है क्योंकि वे ग्रांट थॉर्टन को फर्जीवाड़ा के बावजूद बैक डेट में क्लीन चिट देने के लिए तैयार हो गये हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता, पालकों का सरकारी स्कूल के प्रति भरोसा एवं बेरोजगारों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं : शिक्षक

## 28 मई को मंत्रालय घेरेंगे 23 संघ के शिक्षक, कोण्डागांव जिले के शिक्षक भी शामिल होंगे

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला का समायोजन एवं सेटअप के आधार पर शिक्षकों के पद को कम करना, प्राथमिक शाला पांच कक्षा दो शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला 18 पीरियड तीन शिक्षक के भरोसे, एक-एक शिक्षक शासन की योजनाओं जैसे- जाति, निवास, आपार, आधार, छात्रवृत्ति बनाने एवं डाक कार्य के लिए समर्पित ऐसे में कैसी आएंगी गुणवत्ता। पालक कैसे करेंगे सरकारी स्कूलों पर भरोसा। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में एक-एक शिक्षकों की कटौती से शिक्षक होंगे अतिशेष, पदों की संख्या होगी कम, भर्ती होगी बंद, युवा होगें बेरोजगार। इन तमाम मुद्दों को लेकर शिक्षक एवं स्कूल शिक्षा विभाग आमने-सामने हड़ताल के मुहाने पर खड़ा है । स्कूल शिक्षा विभाग नवीन सेटअप के बजाय 2008 के सेटअप का पालन करें तो हो सकता है समाधान।



छत्तीसगढ़ में एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान और युक्तियुक्तकरण की विसंगतिपूर्ण प्रक्रिया पर रोक लगाने सहित चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों ने साझा मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन को संयुक्त ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 मई को मंत्रालय (महानदी भवन) का घेराव और धरना होगा, शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द नहीं किया और शिक्षक संगठनों से बैठक कर समाधान नहीं निकाला, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की शुरुआत होगी, इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

**ये हैं प्रमुख मांगें** - युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो, प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए, न कि सेटअप में कटौती।

**2008 का सेटअप लागू करने की मांग** - शिक्षक नेताओं ने बताया कि 2008 में जो सेटअप बना था, वह व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त है। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक (60 बच्चों पर) तथा मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए, कामर्स हेतु 2 शिक्षक अनिवार्य है, वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है।

**कहा- 'बर्दाश्त नहीं होगा यह अन्याय'** - सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्षों संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दूबे, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरें, राजकिशोर तिवारी, कमलदास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, अनिल टोप्पो व धरमदास बंजारे ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि बिना किसी सहमति के, शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पखांजूर-बांदे ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रावीण्य सूची तथा अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता पंखाजूर
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पखांजूर के इंडोर हाल में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा पखांजूर-बांदे द्वारा आयोजित मेधा सम्मान समारोह 2025 में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस क्षेत्र से प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले तथा उक्त परीक्षाओं में विशिष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया । मां सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र के पूजन के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम सिंह उसेंडी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष पखांजूर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण साहा सहित सभी विशिष्ट अतिथियो का स्वागत किया गया। विधायक महोदय ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में संपूर्ण छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुमारी इशिका बाला (99.17% अंक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गोण्डाहूर) को विशिष्ट स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया इसके पश्चात उक्त परीक्षा में प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जीवन समाद्दार (98.67% अंक), छटवां स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी धीमान वर्मन (98.33% अंक) एवं आठवां स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी कुमारी नयन मंडल (98.00% अंक) को सम्मानित किया साथ ही इन विद्यार्थियों के विद्यालय के प्राचार्य महोदयो को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में इस क्षेत्र से 95% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 17 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिनका नाम क्रमशः सुभोमिता व्यापारी, खुशी दास, गौरव शील, सलोनी समाद्दार, ईशान विश्वास, जीत राय, करण कुमार निषाद, रोहित मंडल, माही मजूमदार, निकिता हालदार, पल्लवी बनिक, दिशा मंडल, तुषार मांझी, रोशनी दास, दिया राय, जैस्मिन सरकार एवं तनुजा हालदार है। तत्पश्चात इस क्षेत्र से 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिनका नाम क्रमशः जयदेव दर्जी, शुभ दीप विश्वास ,रिया हालदार, धारा घोष, पायल मिस्त्री, ज्योति बैद्ध, तिलेश्मा देहारी, सुमित विश्वास, दीपांजन सरकार, लेखिका उर्वशा, श्रेया दे एवं शुभम मंडल है। सम्मान समारोह को विधायक महोदय विक्रम सिंह उसेंडी जी ने संबोधित करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें विद्यार्थी जीवन के आने वाले परेशानियों से लड़ने का उपाय भी बताएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से इस क्षेत्र के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में बहुत अच्छा परिणाम प्राप्त कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने क्षेत्र के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के अभिभावक को भी बधाई संदेश दिए। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थी का चयन प्रशासनिक सेवा में हो सके इस हेतु इस क्षेत्र में बहुत जल्द ही सरकारी निशुल्क कोचिंग संस्थान खोलने के लिए सार्थक प्रयास करेंगे।

# आशीर्वाद समारोह में सेना के शौर्य का बखान एवं अन्नदाताओं का आभार प्रदर्शन करते हुए अभिनव पहल

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्थानीय सिन्हा परिवार द्वारा वर रोशन एवं वधु निधि के परिणय सूत्र में बंधने के पश्चात आयोजित आशीर्वाद समारोह में ऑपरेशन सिन्दूर थीम के अभिनव पहल के कारण सुर्खियों में है। इस समारोह में देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं, अर्द्धसैनिक बल, अस्त्र-शस्त्र का सुंदर चित्रण करते हुए सेना के अद्भुत पराक्रम के प्रति आभार एवं सम्मान के साथ साथ अन्नदाता किसानों के प्रति सम्मान एवं अन्न के महत्व को जिस प्रकार से चित्रित करते हुए स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की सुरमयी प्रस्तुति



के सुमधुर तालमेल के साथ समाज के लिए एक सकारात्मक सन्देश दिया गया, जिसकी सभी ने प्रशंसा करते हुए मेजबान राजेश सिन्हा को बधाई एवं शुभकामनायें दी। समारोह में सम्मान पधारे हुए सेवानिवृत सैनिक अभिभूत होकर भावुक हो गए तथा पुलिस अधिकारियों ने भी इस थीम की प्रशंसा की।

### अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति पर राजस्व निरीक्षक को अंतिम सूचना पत्र जारी

**कोण्डागांव।** बिना किसी सूचना के लंबे समय से कार्य से अनुपस्थित राजस्व निरीक्षक शेखचंद बघेल को भू अभिलेख कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। भू अभिलेख कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बघेल मार्च 2020 से अब तक बिना अवकाश स्वीकृत कराए तथा बिना अनुमति के अनाधिकृत रूप से कार्य से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण भू अभिलेख कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से जारी सूचना पत्र के अनुसार बघेल का यह कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, इसके पूर्व भी उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया था, किन्तु उनके द्वारा आज पर्यन्त जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया हैं। उन्हें इस पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विजयी जनप्रतिनिधियों को साल व श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



नरहरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य एवं सरपंचों पंचों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन नगरपंचायत के सांस्कृतिक भवन में रखा गया। जिसमें उपस्थित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य एवं सरपंचों को पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी, विधायक सावित्री मनोज मंडावी के द्वारा फूल माला, गमछा पहनाकेर स्वागत कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम समारोह में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य संजना वटटी बादल से जनपद सदस्य नेताम नवनिर्वाचित सरपंच जिसमें अजय कुमार ठाकुर, खम्मन सिंह कांगे, नरेश्वरी नेताम, पियर बत्ती, शिमला मरकाम, मीना कुंजाम, कंश राम नेताम, पुष्पा कोर्राम, सहस्त्रार्जुन वटटी, बिसाखा उइके, गिरजा नेताम, महेश्वर, राजेंद्र मरकाम, देव बत्ती वटटी, भगवती बाई आदि सरपंच सम्मान समारोह में शामिल हुए। सम्मान समारोह में कांग्रेस कमेटी के जिला ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी जिसमें मांडवी दीक्षित सुभद्रा सलाम सरजू शोरी मीना मंडावी रोहिदास शोरी संजू लता नेताम हलाल नेताम मोती साहू कासिम खान टकेश्वर सिन्हा रोमन लाल सोन बेर फागेश्वरी सिन्हा दिनेश कुमार पटेल योगेश कुमार राजपूत देवली गावड़े संतराम मरकाम चिमन मरकाम रविकुंजाम कमलेश कुमार कोमरा महेश साहू कमल ध्रुवा शिवनारायण कुलदीप अजय कुमार नेताम नीलू कली हारी मनीराम सिन्हा सुरेश कुमार नाग गंगाराम कोड़ोपी पीला राम नेताम कुमार मंडावी गीता बेसरा गोदावरी विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लंजोड़ा में आयोजित समाधान शिविर में 271 आवेदन प्राप्त, 17 का मौके पर निराकरण



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार के अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत लंजोड़ा में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम सहित जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदूराम नाग, जनपद सदस्य विजय मरकाम व मनीषा नेताम, लंजोड़ा सरपंच सुनील नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकमन नेताम एवं साम नेताम सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच, गोंड समाज के पुजारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर में कुल 271 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा। शिविर में माननीय विधायक टेकाम के हाथों विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं कार्डों का वितरण किया गया।

# खालेबेन्दी के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का हुआ समाधान

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित केशकाल विकासखंड अंतर्गत खालेबेन्दी गांव के कोहड़ापारा में निवासरत सात परिवारों को वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। सुशासन तिहार 2025 के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलने पर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देश पर केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शीघ्र समाधान की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर तत्परता से कार्रवाई की। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति व्यवस्था मौजूद न होने तथा समस्या की गंभीरता को देखते हुए, विभाग ने प्राथमिकता के आधार



पर कोहड़ा पारा में एक नया हैंडपंप स्थापित किया। इस पहल से न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हुआ, बल्कि उनके जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान भी लौटा।शासन-प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से ग्रामीणों ने शासन का आभार जताया।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत क्रेडा सीईओ ने बस्तर का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों का क्रियान्वयन राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सोलर प्लांट कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं उक्त कार्यों में जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने का कार्य क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। इस जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संयंत्रों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सीईओ राणा द्वारा विभिन्न जिलों का भ्रमण किए जा रहे है। इसी कड़ी में क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा विगत दिवस बस्तर जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना एवं सौर सुजला योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने विकासखण्ड बकावण्ड के ग्राम-चोलनार में सौर सुजला योजना फेस-09 अन्तर्गत स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया एवं संयंत्र से लाभान्वित हितग्राही से संयंत्र की उपयोगिता के विषय में जानकारी ली। जिसमें हितग्राही द्वारा संयंत्र के सुचारू रूप से कार्यशील होने एवं पेयजल की मूलभूत सुविधा हेतु संयंत्र के सहायक होने की जानकारी दी गई एवं संयंत्र की कार्यशीलता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा बस्तर विकासखण्ड के मुण्डापाल में सौर सुजला योजना फेस-09 अंतर्गत स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण के दौरान संयंत्र कार्यशील पाया गया। लाभान्वित हितग्राही चुन्नुराम पिता भादू द्वारा बताया गया कि उनके खेत में बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण सोलर पम्प स्थापना के लिए बहुत इच्छुक था, इस कारण मेरे द्वारा कृषि विभाग से सम्पर्क कर आवेदन प्रस्तुत किया गया था अब क्रेडा विभाग से सोलर पम्प स्थापित हो जाने से मैं बहुत खुश एवं उत्साहित हूँ। हितग्राही द्वारा बताया गया कि अब उनके द्वारा उपलब्ध तीन एकड़ कृषि भूमि में सालभर फसल लिया जाएगा।

## विभिन्न मांगों लेकर धरना प्रदर्शन

# एआईकेकेएमएस का एमएससी की गारंटी के मांगों पर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता पखांजुर
www.dailypioneer.com

ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन ने केन्द्रीय कमेटी के आह्वान पर पुरे देश के साथ पखांजूर अनुविभागीय अधिकारी रा. कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किसानों को उनके समस्त उत्पाद का एमएससी की कानूनी गारंटी के मांगो पर प्रधानमंत्री, कृषिमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव आदि के नाम पर एसडीएम के अनुपस्थिति में तहसीलदार के हाथो ज्ञापन सौपा। किसानों का समस्त उत्पादित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानुनी गारंटी करों । बेमौसम ओलावृष्टि तुफानी हवा से बर्बाद हो चुके फसलों का जल्द मुआवजा राशि भुगतना करों।, अध्यक्ष अजित मिस्त्री, सचिव अनिमेष विश्वास लक्ष्मी निषाद आदि ने कहां है की आज देश में अत्यधिक द्रव्य मूल्य के बाजार में किसानों का फसल का लागत खर्च बहुत अधिक बैंकों ,महाजनों, समितियों आदि से कर्ज लेकर फसल उत्पादन कर रहे है ।अधिक लागत का फसल किसान जब उनके उत्पादित फसल को बिक्री करने की समय होती है तब उद्योग पतियो के नियत्रित बाजार में फसल बिक्री हेतु किसानों के लिए भाव इतना काम कर दिया जाता है कि उनकी लागत खर्च तक नहीं मिलता है और किसान वर्षो के वर्ष में कर्ज तले दबे जा रहे हैं चंद वर्षो में लाखों किसानों ने कर्ज तले दबे आत्महत्या करने को मजबूर हुआ है ।कोषाध्यक्ष महेश मण्डल ,बासुदेव दत्ता, प्रकाश मण्डल आदि ने बताया है की बेमौसम बारिश तुफानी हावा के कारण लहलती फसलें बर्बाद हो चुका है । शासन स्तर पर सर्वे किया गया है। परंतु वर्तमान दिवस तक पीड़ित किसानों के पारिवार के




परिजनों का जीविका हेतु मुआवजा एवं फसल उत्पादन करने में आवश्यक सामाग्री एवं ब्याज रहित नगद आर्थिक लोन आदि पर शासन - प्रशासन चुप है और अन्नदाता की परिस्थिति बहुत खराब हो रहा है। परिवार की दैनन्दिनी गुजर बसर में बहुत कठिन एवं नाजु हालत से गुजरने मजबूर है।सह सचिव जयंत सरकार ने कहाँ है की पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय शुमन विश्वास पखांजूर का कोचिया व्यापरी ने धोखाधडी करके लगभग आठ कड़ोर रुपये, लगभग एक हजार किसानों का मक्का खरिदे और उनके मक्का फसल का बिक्री राशि किसानों को भुगतना नहीं किया इस की खबर उस समय जिम्मेदारी के पद में रहे शासन - प्रशासन को ज्ञात होने पर तत्काल कार्यवाही करके जल्द ही एक कड़ोर राशि भुगतान किया परंतु आज लगभग चार साल बितने वाले है परंतु एक हजार पीड़ित किसानों को उनके अधिकार हक की राशि उन्हें प्राप्त नहीं हुआ।पीड़ित परिबार बर्बादी के नाजुक स्थिति में दिन बिताने मजबूर है। पीड़ित किसानों को उनके मक्का बिक्री के लगभग सात कड़ोर जल्द भुगतान करेने की माग की है।मांगे :- (हर प्रकार की फसलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य) स्स्कका कानूनी गारंटी दो, नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति रद्द करो, कानून 29 श्रम कानूनों की जगह 4 श्रोम कोड रद्द करो, खाद-बीज, किटनाशक कृषि सामाग्रियों को अनुदान के साथ उचित मूल्य में दो, 2023 संशोधित बिजली बील रद्द करो, स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो,बिजली का बाजारीकरण व्यापारीकरण नीति रद्द करों, संविदा, एनएचएम मितानिन (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रोसोईया, सफाई कर्मी, नगर पंचायत, नगर निगम, नगरपालिका कर्मचारी, सहायक सचिव, सचिव, जनभागीदारी कर्मी कंट्राकट कर्मचारी आदि समस्त अनियमित कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान,ग्रेचुएटी, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन शासकीय कर्मचारी के रुप में नियमित करों, समस्त नशीली पदार्थों का व्यापार एवं प्रचार प्रसार शराब बंद करो, हर सरकारी उद्योग का नीजिकरण करने की नीति रद्द करो। श्रमिकों की छटनी करना बंद करो, दैनिक आवश्यक बस्तुओं का मूल्य वृद्धिदर पर रोक लगाओ, बाजार दर और महंगाई कम करो, बेरोजगारों को नियमित स्थाई रोजगार दो, रोजगार देना होगा। बेरोजगारी भत्ता दो खेतीहर मजदूर एवं समस्त श्रमिकों को नियमित सालभर काम दो, हसदेव जंगल व अन्य जंगलों को उजारना बंद करो एवं अन्य तमाम जंगलों की खनिज, वन सम्पदा, वन भूमी, खेतीहर जमीन उदयोग पतियों के हाथो देना बंद करो।

भूमि हीन श्रमिक किसानों को भूमि

# सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पाकेला में समाधान शिविर संपन्न

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत पाकेला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में आयोजित समाधान शिविर में आसपास के ग्रामीणों से शिकायत एवं मांगों से संबंधित आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों को प्राप्त सभी आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में मांग से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवेदन प्रेषित किया गया। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी सार्वजनिक वाचन के माध्यम से दी गई। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र व नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राविंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामुदायिक शौचालय और सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं नन्हे बच्चों का अन्नप्रसान भी कराया गया।

# अमानक बीज-खाद बेचने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई, दुकानें होंगी सील

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में अमानक खाद,बीज बेचने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र की खाद,बीज की दुकानों, कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अमानक खाद,बीज पाए जाने पर ऐसी दुकानों को सील तक करने को कहा है। उन्होंने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में यह निर्देश दिए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में कंट्रोल रूम बनाने और उसका दूरभाष नंबर जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सिकसेल जांच के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में जांच केन्द्र बनाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वाय वंदन, जेनेरिक मेडिकल दुकानों की अद्यतन स्थित आदि की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सभी जिला स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों का निरीक्षण करें और जहां शिकायतें आ रहीं हैं, उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मिले आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कामों को जल्द से जल्द शुरू करें। कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये मिलते हैं। उन्होंने जिन महिलाओं के खाते में राशि प्राप्त नहीं हो रही है, उसके कारणों की जांच करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए और प्राथमिकता से राशि अंतरित कराने की कार्रवाई करने कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले की खराब और जर्जर सड़कों की जानकारी ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाय के अधिकारियों को खराब सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसी सड़कें जो संबंधित ठेकेदार की समय सीमा में मरम्मत की जानी है उनसे ही सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद,बीज भण्डारण और वितरण की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने जिले में चना खरीदी और उसके भुगतान की भी जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम विभाग की योजनाओं सहित अन्य विभागीय योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

# सुरसाबांधा समाधान शिविर में शामिल हुए चंदूलाल साहू



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम चंदूलाल साहू सुशासन तिहार के तहत जिला गरियाबंद ब्लॉक फिंगेश्वर के ग्राम सुरसाबांधा में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित हुये। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में प्रदेश में सुशासन तिहार की शुरुआत की गई है, जो कि सरकार की लोक.कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की व्यापक सफलता का प्रतीक बन चुका है। इस तिहार का उद्देश्य है आम जनता तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना और उन्हें सशक्त बनाना। वास्तव में निराकरण से जनता के दिलों में खुशियों की बयार बहने लगी है। जनता से सरोकार और संवाद करने वाली सरकार जनता के हितों के लिए उनके द्वारा दिए गए आवेदनों का गम्भीरता से निराकरण कर रही है, जिसका असर दिखाई दे रहा है।

# सुशासन तिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मयूर शिशु मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उददेश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए आमजन तक पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को पोषण किट, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, पेंशन स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की गई। गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं को भी जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मौके पर ही हितग्राहियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया, जिससे शिविर की उपयोगिता और प्रभावशीलता सिद्ध हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभापति मनीष मिश्रा, गोविंद पटेल, पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन ठाकुर, मोंटू ध्रुव, ठाकुर राम साहू, उमाशंकर वर्मा, बब्बू मंधान, चंद्रकांत खुटे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, कीर्तन जायसवाल, गोपी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

> सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है। इससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचता है और आमजन का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। जनहित में ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि भाटापारा नगर विकास के प्रत्येक आयाम में अग्रसर हो सके।
> **अश्वनी शर्मा -**

# पहले शिक्षक गायब, अब स्कूल गायब, क्या शिक्षा भी 'बचाई' जाएगी? : रूपेश नागवंशी



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

देश की नींव शिक्षा से बनती है, लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि ना शिक्षक बचे हैं, ना स्कूल। और जो कुछ बचा है, उसे 'मर्ज' के नाम पर धीरे-धीरे ख़त्म किया जा रहा है। पहले शिक्षक की कमी से स्कूल बेहाल थे, अब दो स्कूलों को मिलाकर एक कर दिया जा रहा है। सवाल ये है- ये सुधार है या साज़िश?

### सरकार की चालः मर्ज के बहाने भर्ती से बचो

हकीकत यह है कि सरकार शिक्षक भर्ती से बचने के लिए स्कूल मर्ज कर रही है। हजारों पद खाली हैं, बेरोजगार युवा सालों से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन भर्तियां टाल दी जाती हैं। क्योंकि अगर दो स्कूलों को मिलाकर एक कर दिया जाए, तो एक ही शिक्षक से काम चलाया जा सकता है, भर्ती की जरूरत ही खत्म, ये सिर्फ नीति नहीं, शिक्षक विरोधी रणनीति है।

### गाँव का बच्चा हमेशा 'समझौता' क्यों करे?

शहरों में स्मार्ट क्लास और विषय विशेषज्ञ, और गाँव में? वहाँ बच्चों को आज भी एक ही मास्टर जी सब कुछ पढ़ाते हैं, गणित भी, विज्ञान भी और कभी-कभी मध्याह्न भोजन का हिसाब भी, अब मर्ज के बाद यह भार और बढ़ गया है।

### 'मर्ज' या शिक्षा की हत्या?

बच्चे अब दूर स्कूल जाने को मजबूर हैं। सुरक्षा, दूरी और सुविधा, कोई नहीं देख रहा। लड़कियाँ पढ़ाई छोड़ रहीं हैं, और ड्रॉपआउट दर बढ़ रही है। मगर कागजों पर सब 'ठीक' है।

### मर्ज नहीं, मिशन की जरूरत है

शिक्षा पर खर्च नहीं, निवेश होना चाहिए। मर्ज और भर्ती टालने की नीतियां देश को पीछे धकेल रही हैं। बच्चों को शिक्षक चाहिए, दूरी नहीं। सरकार को चाहिए कि वह ज़िम्मेदारी से काम करे, न कि शॉर्टकट से।

### शिक्षा नहीं, बचत प्राथमिकता बन गई है

जब सरकार शिक्षा को खर्च समझने लगे, तब मर्ज जैसे फैसले सामने आते हैं। शिक्षक न हों, स्कूल दूर हों, बच्चों को पढ़ाने वाला कोई न हो, लेकिन सरकार को राहत है कि 'भर्ती नहीं करनी पड़ी'। क्या यही है 'विकसित भारत' का सपना?

### अब सवाल उठाने का समय है

क्या बच्चों के भविष्य के बदले सरकारी खजाना भरना जरूरी है?, क्या शिक्षक भर्ती से भागना कोई समाधान है?, क्या शिक्षा में भी अब 'कटौती नीति' लागू हो गई है?

# गांधी मंदिर वार्ड क्रमांक 10 में नाली एवं रोड निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गांधी मंदिर वार्ड क्रमांक 10 में नाली एवं रोड निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। नाली निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 57.70 लाख तथा रोड एवं नाली निर्माण कार्य की लागत 45.77 लाख है। यह दोनों कार्य नगर के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए हैं, जो नागरिकों को बेहतर स्वच्छता, जल निकासी और सुरक्षित यातायात की सुविधा प्रदान करेंगे। इन कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। इन विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, पार्षद मोंटू ध्रुव, भुवन ठाकुर, सतीश साहू, नंदू वैष्णव, अजय ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष मोहन बांधे, ओम प्रकाश रात्रे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, देवेंद्र साहू, दशरथ साहू, गोवर्धन डहरिया, योगेश अनंत, कीर्तन जायसवाल, राजू पटेल, पूर्व सैनिक नारायण साहू, सागर सिंह ठाकुर, लुकू साव, देवकांत मिश्रा, आयशा खान, अंजनी जायसवाल, रागिनी डोंडे, सुरेश वर्मा, राजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

> भाटापारा नगर को सुनियोजित, स्वच्छ और आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना ही प्राथमिक उद्देश्य है। यह निर्माण कार्य नागरिकों की बहुप्रतीक्षित आवश्यकताओं को पूर्ण करेंगे। जनता के सहयोग और सुझावों से नगर के चहुंमुखी विकास का संकल्प निरंतर आगे बढ़ेगा।
> **अश्वनी शर्मा**

# बदलना आवश्यक है देश का मिजाज और स्वभाव संसाधनों के सदुपयोग का संदेश एक देश एक चुनाव

## प्रकृति संरक्षण के आव्हान के साथ महत्वपूर्ण मसले पर विचार अभिव्यक्ति की कड़ी



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

अक्षयता के वरदान दिवस अक्षय तृतीया को सरयू साहित्य परिषद एवं नगर के सुधिजनों द्वारा शहर मे प्रारंभ हुए जागरण अभियान मे प्रकृति संरक्षण के तीन महत्वपूर्ण बिन्दु जल संचय पौधारोपण वृक्ष संरक्षण एवं नदी संरक्षण पर निरंतर जागरुकता एवं आव्हान की कड़ी जारी है साथ ही साथ समसामयिक मसलों पर भी विचार अभिव्यक्ति तथा भूमिका का क्रम भी जारी है। इसी कड़ी मे जहां आपरेशन सिन्दूर के जरिए अभिव्यक्त हुए सेना के शौर्य एवं पराक्रम का अभिनंदन किया गया वहीं मंगल बाजार मे आयोजित जागरण आव्हान सभा मे लोकतांत्रिक व्यवस्था मे महत्वपूर्ण बदलाव की पहल पर भी विचार अभिव्यक्ति की बानगी नजर आयी।

### एक देश एक चुनाव पर चर्चा की कड़ी

वर्तमान मे जन जन मे चर्चा का विषय बनी एक देश एक चुनाव पर निरंतर चर्चा एवं चिंतन का क्रम चंहुओर जारी है, विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा भी इस विषय पर व्याख्यान एवं परिचर्चाओं के जरिए इस मसले से जुड़े विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त किया जा रहा है, सरयू साहित्य परिषद एवं नगर के सुधिजनों द्वारा संचालित हो रहे प्रकृति संरक्षण आव्हान सभा मे भी इस विषय को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाओं की बानगी नजर आयी, मंगल बाजार महावीर वार्ड मे आयोजित सभा मे पत्रकार मुकेश शर्मा द्वारा इस विषय पर प्रकाश डालते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था की समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होने कहा कि इससे देश का मिजाज और स्वभाव बदलेगा, राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारणी सदस्य कल्याण सिंह ठाकुर ने कहा कि समस्त चुनाव अगर एक समय पर हो जातें है तो इससे राजस्व की भी बचत होगी एवं जन प्रतिनिधियों को भी जनहित के कार्य करने के लिए भरपूर समय मिलेगा। सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने कहा कि एक समय समस्त चुनाव हर समय चुनाव की झंझावत से जनप्रतिनिधियों को मुक्त करेगा जिससे जनहित के कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता मे वृद्धि होगी, वहीं राजस्व की बचत भी होगी, संसाधनों के सदुपयोग एवं बचत का महत्वपूर्ण संदेश है एक देश एक चुनाव।

### पौधारोपण के लिए सहयोग आव्हान की कड़ी

एक देश एक चुनाव पर विचार अभिव्यक्ति की कड़ी संपन्न होने के उपरांत प्रकृति संरक्षण के लिए आव्हान का क्रम प्रारंभ हुआ। चूंकि अभी मानसून निकट है लिहाजा प्रकृति संरक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दु पौधारोपण के लिए अनूकुलता का समय है लिहाजा वक्ताओं द्वारा पौधारोपण प्रक्रिया के संबंध मे विस्तार से चर्चा की गयी, तथा पौधारोपण के लिए स्थल चयन सहित विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए जनमानस से भागीदारी एवं सहयोग का आव्हान किया गया।

### स्वस्फूर्त दिखी सहयोग की बानगी

सरयू साहित्य परिषद के सदस्यों एवं सुधिजनों द्वारा प्रकृति संरक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दु पौधारोपण मे भागीदारी तथा जन सहयोग के आव्हान पर जनमानस द्वारा इस अभियान मे सहयोग एवं भागीदारी के भावना की अभिव्यक्ति करते हुए स्वस्फूर्त यथाशक्ति सहयोग अंकित कर पौधारोपण के महत्वपूर्ण अभियान मे अपनी भागीदारी दर्ज की गयी। सभा का समापन डॉं सुन्दर लाल साहू के आभार प्रदर्शन से हुआ सभा मे वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र गिन्नौरे, हरिहर शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, मानिक प्रसाद मोनू दुबे, प्रकाश तिवारी, अनिल ओझा, गगन गुप्ता, राजकुमार यदु आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# सभी पीड़ीएस दुकानों में एक मुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम,छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवारों क़ो माह जून से अगस्त 2025 तक राशन सामग्री आवंटन का भंडारण एवं वितरण के निर्देश दिये गए हैं।सभी राशनकार्डधारियों क़ो माह जून से अगस्त 2025 तक पात्रता अनुसार चावल क़ा वितरण माह जून में एकमुश्त किया जाएगा। माह जून से अगस्त तक एक मुश्त राशन मिलने से बारिश के मौसम में लोगों क़ो भटकना नहीं पड़ेगा। आवंटन अनुरूप चावल का भण्डारण उचित मूल्य दुकानों में 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाने एवं तीन महीने का चावल 30 जून तक वितरण कराने के निर्देश दिये गए हैं। चावल क़ो छोड़कर अन्य खाद्यान्न सामग्री का भण्डारण एवं वितरण नान में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रति माह पृथक -पृथक जारी आवंटन अनुसार भण्डारण एवं वितरण किया जाएगा। तीन माह का चावल वितरण हेतु सभी उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा।दुकान स्तर की निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों क़ो चावल एवं अन्य राशन सामग्री क़ा वितरण किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी शासकीय मूल्य दुकानों में 3 माह का चावल भण्डारण हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों क़ो दिये हैं।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर देखें, साफ करे, ढकें, डेंगू को हराने का उपाय करें.. थीम पर 16 मई को जनजागरूकता रैली निकाली गई। नर्सिंग प्रशिक्षु छात्रों द्वारा निकाली गई इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद नर्सिंग छात्रों का डेंगू से संबंधित जागरूकता संबंधी रंगोली प्रतियोगिता, [ीज कॉम्पिटिशन, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरण किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ आदित्य सिन्हा ने डेंगू के लक्षण, इसके प्रभाव और गंभीर स्थिति में बचने के उपाय की बारीकी से जानकारी दी। डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि है। जिला कार्य म प्रबंधक ने बताया कि डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समुदाय की सहभागिता जरूरी है। मानसून के पूर्व रोकथाम गतिविधियां समुदाय की सहभागिता, पंचायत एवं नगरीय विकास विभाग से समन्वय और प्रचार.प्रसार के माध्यम से जागरूकता आदि पर ही डेंगू सं मण को रोका जा सकता है।

# महिला सशक्तिकरण कि अमिट इतिहास रचने वाली सशक्त नारी की पहचान थी अहिल्याबाई होल्करः रंजना साहू




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती को पूरे देश में मनाई जा रही है। इसी के अंतर्गत भारत्तीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा भारत की महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किए। प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक कल्याण, परोपकार, न्यायप्रियता, धार्मिक कार्य, प्रशासनिक सुधार, भारतीय सभ्यता और कला को आगे बढ़ाने मे अद्वितीय योगदान महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की रही। काशी से केदारनाथ, सोमनाथ से रामेश्वरम तक जहां भी धार्मिक स्थल है वहां पहुंचकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने हमारी सनातन धर्म को आगे बढ़ने का प्रयास किए। साहू ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आगे कहां की रानी अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की अमिट इतिहास रचने वाली सशक्त नारी की पहचान थीए जिन्होंने मातृत्वए नेतृत्व और धर्म का अद्भुत संतुलन साधकर भारतीय इतिहास को नई दिशा दिखाई, प्रजा के मध्य में जाकर समस्याओं का निराकरण करना एवं निर्भीक होकर निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर में थी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख से सांसद भोजराम नागए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ भाजपा जनप्रतिनिधि गण, पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण सहित गणमान्य गण की उपस्थिति रहें।

# चेरूडीपा स्कूल में सामुदायिक सहभागिता से बना चबूतरा एवं मैदान समतलीकरण



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र जमदरहा के अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चेरूडीपा में सामुदायिक सहभागिता से चबूतरा एवं मैदान समतलीकरण किया गया। मिली जानकारी अनुसार विद्यालय में दर्ज संख्या 23 है। यहाँ एकल शिक्षक के रूप सतकुमारी चतुर्वेदी प्रधानपाठक कार्यरत है। प्रधानपाठक शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं संकुल समन्वयक के संयुक्त प्रयास से गाँव में जागरूकता लाया गया। जिससे ग्रामीण प्रेरित होकर विद्यालय को बेहतर बनाने एवं बच्चों को उचित वातावरण देने के लिए सभी ग्रामीण सहयोग प्रदान किये है। संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे ने शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों को प्रेरित कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का संकल्प लिया है। आने वाले समय में और शिक्षक के व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारी को अवगत कराएँगे।सामुदायिक सहभागिता में शामिल ग्रामीण कलप राम मुंडा, इतवारू मुंडा,समारु मुंडा, मंगलू मुंडा, परस राम मुंडा, पांडव नागवंशी, पंचराम मुंडा, तुलसी मुंडा, बैशाखु मुंडा, आशाराम मुंडा, झलिया मुंडा, ईश्वर मुंडा, शिव कुमार मुंडा एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग प्रदान किये है। साथ ही साथ 120 ट्राली मिट्टी डालकर पहाड़ी इलाका को मैदान बनाया गया। इस अद्भभुत कार्य की सराहना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे एवं संकुल के अन्य शिक्षकों ने बधाई प्रेषित किये है।

# राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निराकरण करें : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## किसानों को नि:शुल्क बी-1, नक्शा, खसरा उपलब्ध कराने कार्ययोजना बनाते हुए क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के समग्र विकास, किसानों की आर्थिक प्रगति, वनांचल एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा निर्माण कार्यों सहित राजस्व के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व प्रकरणों की स्थिति पर गंभीरता जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहे। सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्रुटि सुधार, नामांतरण, बंटवारा सहित सभी राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान राजस्व संबंधी समस्या लेकर आता है तो उसकी बातों को गंभीरता से सुना जाए और त्वरित समाधान किया जाए। किसी भी किसान या ग्रामीण से इस संबंध में शिकायत नहीं आनी चाहिए। राजस्व अभिलेखों में पाई जा रही त्रुटियों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने पूछा कि ये त्रुटियाँ किस कारण और कैसे हुईं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक त्रुटिपूर्ण प्रकरण की कारणों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जिससे उन कारणों की पहचान कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष मती सुषमा बघेल, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों को अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेज़ बी-1, नक्शा और खसरा जैसी ज़मीन से जुड़ी जानकारी के लिए नागरिकों को परेशान न होना पड़े। इसे अत्यंत गंभीर विषय मानते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को ये दस्तावेज़ सरलता से उपलब्ध होने चाहिए। यह शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर पटवारियों के माध्यम से इन दस्तावेजों की निःशुल्क प्रतियाँ उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए प्रत्येक हल्का क्षेत्र में तिथि निर्धारित कर मुनादी की जाए, ताकि नागरिक उक्त दिन आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि इसके लिए सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन करें। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था से राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासन के प्रति नागरिकों का विश्वास बढ़ेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले के समस्त मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ वनांचल क्षेत्रों में पदस्थ पटवारियों की अपने-अपने हल्का मुख्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विशेषकर दूरस्थ व वनों से आच्छादित क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को अक्सर अपने भूमि अभिलेखों या अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पटवारी अपने हल्का क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास करें, ताकि नागरिकों को त्वरित और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# ठाकुरदेव चौक से जुनवानी मार्ग सड़क,नाली निर्माण कार्य और हाईटेक बस स्टैंड का किया निरीक्षण

## गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीम में निर्माण कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को अपने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान जिले के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ठाकुरदेव चौक से जुनवानी मार्ग तक चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा पर विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बरसात के मौसम से पहले नाली निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री शर्मा ने हाईटेक बस स्टैंण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंण्ड को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओ निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, पार्षद सुनिल साहू, सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय स्तर पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को सुगम परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने निर्माण कार्य को स्थानीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और इसे शीघ्रता से पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने वार्डवासियों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्य के दौरान संयम बनाए रखें और कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जनता की सुविधा का पूरा ध्यान रखेगी। उपमुख्यमत्रीं शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण का उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था का निर्माण करना है, जिससे स्थानीय निवासियों को जलभराव और अन्य समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना स्थानीय विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# जल संरक्षण के साथ भू-जल स्तर में वृद्धि करते हुए आजीविका की गतिविधियों को मिला बढ़ावा

## महात्मा गांधी नरेगा से निर्मित अमृत सरोवर बना आजीविका का केंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

ज़िले के जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोन में बनाये गए अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य बाजार तालाब अब ग्रामीणों को लाभान्वित करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत अमृत सरोवर का निर्माण 8 दिसंबर 2024 को प्रारंभ हुआ जो अब पूरा हो चुका है। इस कार्य की लागत राशि 9.71 लाख रुपए थी। निर्माण कार्य पूरा होने पर इसमें कुल 6 लाख 16 हजार 5 सौ 43 रुपए व्यय हुआ जिसमे मजदूरी पर 1.65720 लाख रुपए एवं सामाग्री पर 4.50823 लाख रुपए खर्च आया। अमृत सरोवर का निर्माण कुल 20 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत अमृत सरोवर फेस-2 में इस सरोवर का चयन किया गया है। यह सरोवर गांव के केन्द्र में लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है इस सरोवर के जीर्णोद्धारा एवं साफ -सफाई कराया गया। सरोवर निर्माण के दौरान गांव के 324 पंजीकृत परिवारों के 689 श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ और इसके साथ ही मजदूरी की राशि ग्रामीणों के बैंक खाते में सीधे जारी हुआ। गांव के बीचो-बीच बने सरोवर के आस-पास वातावरण को स्वच्छ सुंदर एवं प्राकृतिक रूप से हरा-भरा रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य भी कराया गया है जो अब देखते ही बनता है। महात्मा गांधी नरेगा योजना से अमृत सरोवर बनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण करते हुए भू-जल स्तर में वृद्धि कर ग्रामीणों को इसमें आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को जोड़ना है। सरोवर का देखभाल और इसके रख रखाव के लिए माँ चन्द्रहासनी महिला स्वं सहायता समुह को दिया गया है। समुह के द्वारा सरोवर में मत्स्य पालन का व्यवसाय किया जा रहा है। 6 माह पहले प्रारंभ किया गया मछली पालन का व्यवसाय अब जोर पकड़ने लगा है। समुह के द्वारा अब तक मत्स्य विक्रय कर 1.20 लाख रूपये की आमदानी प्राप्त की जा चुकी है। रोहू, कतला, मृगल जैसे प्रचलित एवं पसंद किए जाने वाले मछलियां ग्रामीणों को अमृत सरोवर से प्राप्त हो रहा है।

# शिविर में 3053 जनसमस्याओं का हुआ निराकरण योजनाओं का लाभ मिला सीधे हितग्राहियों को

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज बेमेतरा विकासखंड के ग्राम जिया में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से ज़मीन पर उतारना, ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता के दरवाज़े तक लाना रहा। जिया क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायतों – जिया, जौंग, बहिंगा, अर्जुनी, पथर्रा, बसनी, मटका, चोरभट्टी, ताला आदि के ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाधान शिविर में रिकॉर्ड 3053 आवेदन, सभी का हुआ निस्तारण-इस शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 3053 शिकायतों व आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिसमें विद्युत, कृषि, रोजगार, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, आपदा प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्कूल शिक्षा विभाग की समस्याएँ शामिल थीं। प्रशासन ने दिनभर की संयुक्त कार्यवाही से सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया, जिसका सभी के सामने वाचन करके बताया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने किया शिविर का उद्घाटन-शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू के करकमलों से हुआ। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाएँ अब सीधे गाँव तक पहुँचें। अब नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टोरेट के चक्कर नहीं लगाने होंगे, बल्कि समाधान आपके गाँव में ही उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी स्वयं तपती गर्मी में भी जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

# अंकिता अनंत टंडन को अनुकंपा नियुक्ति के लिए पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नियुक्ति हेतु गठित जिला स्तरीय चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर जिला चिकित्सालय, पंडरी रायपुर में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत डॉ. ओम प्रकाश टंडन का शासकीय सेवा में कार्यरत् रहते हुये 29 अगस्त 2022 को आकस्मिक निधन हो गया। जिस पर उनकी पत्नी मती अंकिता अनंत टंडन को पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिये निर्धारित विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभिन्न शर्तों के अधीन 01 वर्ष के पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है। कलेक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित आवेदिका को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये आयुक्त, भू-अभिलेख से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत 01 वर्ष का निर्धारित पटवारी प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यह प्रशिक्षण उन्हें स्वयं के व्यय से किया जायेगा। इसके लिए कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पृथक से आदेश जारी किया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के समय जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदिका का पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन किये जाने के उपरांत, अन्य किसी पद पर पद परिवर्तन करने की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही: तीन जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कलेक्टर बी. एस उइके लगातार योजना की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही योजना में उदासीनता बरतने वालों पर कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये है। इसी तारतम्य में पीएम आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले जनपद सीईओ देवभोग, छुरा एवं फिंगेश्वर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। देवभोग के सीईओ रवि सोनवानी को पीएम आवास की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग नहीं किये जाने के फलस्वरूप बोगस जीओ टैगिंग का मामला संज्ञान में आने पर कार्यो को कर्तव्यनिष्ठा के साथ नहीं करने पर नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार सीईओ जनपद छुरा सतीश चन्द्रवंशी को पीएम आवास योजना 2.0 के सर्वेक्षण के समय मॉनिटरिंग में कमी पाये जाने के फलस्वरूप ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में पीएम आवास के तहत अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ स्वप्निल ध्रुव को पीएम आवास अंतर्गत कूटरचना युक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर नोटिस दिया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस पत्र अनुसार ग्राम पंचायत बरभाठा के सचिव चेमन साहू एवं रोजगार सहायक हेमंत निषाद द्वारा पीएम आवास के तहत जॉब कार्ड में कूटरचना करते हुए अन्य व्यक्तियों को नाम पर आवास स्वीकृत किये जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी। शिकायत की जांच सीईओ फिंगेश्वर से कराई गई। किंतु उनके द्वारा आधी-अधूरी जांच करते हुए अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके कारण समय अवधि में शिकायत का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उनके द्वारा अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सचिव एवं रोजगार सहायक का अन्यत्र स्थानांतरण का प्रस्ताव दिया गया है।

# सनातन धर्म के खिलाफ कर रहे थे दुष्प्रचार, विहिप, बजरंग दल की शिकायत पर पुलिस ने कराया कार्यक्रम बंद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के नए मंडी में संत रामपाल के अनुयायियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तजनों व अनुयायियों को सनातन धर्म के खिलाफ जानकारी दी जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही नगर में विहिप व बजरंगदल के के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देने के बाद नई मंडी पहुँच कर क्रार्यक्रम को बन्द कराया। इस संबंध ने विहिप व बजरंग दल ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से हमारे देश के एक कुख्यात अपराधी जिस पर हत्या, अपहरण, देशद्रोह और अवैध सामग्रियों के संग्रहण जैसे जघन्य अपराधों के अनगिनत मामले दर्ज हैं और जो वर्षों से जेल में बंद है। उसी तथाकथित संत रामपाल के दूषित और विकृत विचारधारा को हमारे छत्तीसगढ़ उनके अनुवाइयों द्वारा दूषित और विकृत विचारों से भरे साहित्यों को समाज में वितरण कर जिसमें उपलब्ध विषय और विचारों से हमारे सनातन धर्म की धार्मिक मान्यताओं और आस्था आहात होती है। गत कुछ वर्षों में हमारे महासमुंद जिले में भी इनकी सक्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है। उनसे जुड़े व्यक्तियों द्वारा छोटे बड़े शिविरों के माध्यम से भाले सैकड़ों हिंदुओं को एकत्रित कर उन्हें लंबे चौड़े मनगढंत भाषणों में सनातन धर्म की अपने लाभ के अनुरूप अशुद्ध, अभद्र व्याख्या कर उनका वैचारिक रूप से मांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में 18 मई को सुबह ही सरायपाली के नई कृषि उपज मंडी में भी ऐसा एक आयोजन हो रहा था जिसकी सूचना कार्यकर्ताओं को मिलने के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा उस आयोजन की वीडियोग्राफी की गई जिसमें प्रोजेक्टर के द्वारा अपने दूषित, विकृत और विषैले भाषणों से हमारे सनातन धर्म की धार्मिक मान्यताओं पर कुठाराघात किया जा रहा था जिसका विरोध विश्व हन्दु परिषद् एवं बजरंग दल, धर्म जागरण एवं हिन्दू समाज द्वारा किया गया। इस घटना पर लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है और प्रशासन एवं पुलिस विभाग को लिखित और मौखिक रूप से आग्रह किया गया है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों पर यदि अंकुश नहीं लगाया गया इससे समाज में तनावपूर्ण वातावरण निर्मित होगा जिससे शांति भंग होने की संभावना बनी रहेगी।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से जिला व्हॉलीबाल संघ कबीरधाम ने की सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से पुनर्गठित जिला व्हॉलीबाल संघ के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने संघ के अध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में विश्राम गृह में सौजन्य भेंट की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नेशनल खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए शुभकामनाऐं दी। आपने खिलाडियों के लिए लिए कम से कम 3 मैंदान की व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाऐं मुहैया कराने की बात की साथ ही खिलाडियों को पौष्टिक आहार देने की बात कही। इस दौरान नेशनल खिलाड़ी संदीप पाटिल, अनुभव जायसवाल, प्रिसी पनागर एवं अनामिका पटेल से खेल से संबंधित चर्चा की। इस अवसर पर सचिव विजय चन्द्रवंशी, संयोजक आदित्य वास्तव, सलाहकार विष्णु पाण्डे, पवन यदु, चुनुवा खान, कोषाध्यक्ष कुमार चन्द्रवंशी, कोच साचिद खान, राकेश चन्द्रवंशी, चेतक नाथ योगी, तसलीम आरिफ, राजू सोनवानी, यशवंत तिवारी सहित सभी सदस्य और खिलाडी उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-राजनांदगांव (छ.ग.)

// संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्रमांक-08 (प्रथम बार) //

क्रमांक/1050/वलेलि/ग्रायांसेवा/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक : 15/05/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र ''ए'' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| महतारी सदन निर्माण कार्य गोटाटोला विकास खण्ड मोहला | 22.48 |
| शासकीय हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य सेन्दरी विकास खण्ड डोंगरगढ़ | 6.25 |
| शासकीय हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य रूवातला विकास खण्ड डोंगरगढ़ | 6.25 |
| शासकीय हाई स्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य भण्डारपुर विकास खण्ड डोंगरगढ़ | 6.25 |
| शासकीय हाई स्कूल भवन में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य बरनाराकला विकास खण्ड डोंगरगढ़ | 6.25 |
| शासकीय हाई स्कूल भवन में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य मुगलानी विकास खण्ड डोंगरगढ़ | 5.70 |
| शासकीय प्राथमिक शाला बालवाटिका में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य आलकन्हार विकास खण्ड मोहला | 6.83 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 16.05.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 30.05.2025 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

G-252601001/4


## सुशासन तिहार के दौरान इस क्लस्टर के 3707 आवेदन में पूरे 3707 आवेदन हुए निराकृत

# विकासखंड देवभोग के ग्राम लाटापारा में आयोजित हुआ शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाटापारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां लाटापारा सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुशासन तिहार के दौरान लाटापारा क्लस्टर अंतर्गत कुल 3707 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त 3707 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, एसडीएम तुलसीदास मरकाम, सीईओ जनपद देवभोग रवि सोनवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। उन्होंने लोगों से शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाने की अपील की।

## संपादकीय

### संविधान की सर्वोच्चता गवई का बयान

**भारत के मुख्य न्यायाधीश** बी.आर. गवई ने कहा है कि संविधान सर्वोच्च है और इस पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी सामयिक और आश्वस्तिकारी है। ऐसे समय जब लोकतांत्रिक संस्थान लगातार लोकरंजक लफ्फाजी तथा राजनीतिक रंग वाले एजेंडों के दबाव में हैं, भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की हालिया घोषणा एक शक्तिशाली हस्तक्षेप है। उन्होंने कहा, 'न्यायपालिका, कार्यपालिका या संसद सर्वोच्च नहीं है। भारत का संविधान सर्वोच्च है।' वास्तव में मुख्य न्यायाधीश भारतीय लोकतंत्र का एक मूलभूत सत्य दुहरा रहे थे कि सरकार के तीनों अंगों की वैधानिकता और सीमायें एक-दूसरे से नहीं, बल्कि स्वयं संविधान से निर्धारित होती हैं। वर्तमान परिवेश में जहां कुछ राजनेता खुलेआम प्रमुख संवैधानिक सिद्धान्तों पर खुलेआम सवाल उठाते हैं, उनकी आलोचना करते हैं और उनको बदलने का भी सुझाव देते हैं, यह चेतावनी न केवल सामयिक, बल्कि जरूरी भी है। मुख्य न्यायाधीश गवई की टिप्पणी भारतीय संवैधानिक ढांचे की भावना व्यक्त करती है जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

इसमें यह भी रेखांकित किया गया है कि संविधान की सर्वोच्चता इससे आगे तक जाती है। यह उस नैतिक और विधिक ढांचे पर जोर देती है जो देश को आश्वस्त करता है कि वह बहुसंख्यकवाद या स्वेच्छाचारिता का शिकार नही होगा। 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती मामले में उल्लेखनीय फैसला देते हुए 'संविधान के मूल ढांचे' की अवधारणा सामने रखी थी। इसका अर्थ यह था कि हालांकि, संविधान में संशोधन किए जा सकते हैं, पर उसके प्रमुख सिद्धान्त, जैसे पंथनिरपेक्षता, संघवाद, कानून के शासन तथा शक्तियों का पृथक्करण अनुल्लंघनीय हैं। मुख्य न्यायाधीश गवई ने पुनः जोर देते हुए कहा है कि यह सिद्धान्त यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि भारत 'मजबूत देश' बना रहे। हाल के समय में संविधान के प्रति खुली शत्रुता प्रकट करने वाले कुछ परेशान करने वाले संकेत दिखे हैं। कुछ राजनेताओं ने पंथनिरपेक्षता या सामाजिक न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों की प्रासांगिकता पर सवाल उठाए हैं, जबकि कुछ अन्य ने अपने वैचारिक उद्देश्यों के आधार पर संविधान के पुनर्लेखन या इसमें व्यापक परिवर्तन के विचार सामने रखे हैं।

हालांकि, संविधान संशोधनों की विधिक अनुमति है, पर वे कुछ महत्वपूर्ण सीमाओं, जैसे प्रक्रियागत सुरक्षा के अंतर्गत होने चाहिए। इनमें संसद में दो तिहाई बहुमत तथा कुछ मामलों में राज्यों द्वारा पुष्टि शामिल हैं। इसके साथ ही 'मूल ढांचा' सिद्धान्त के आधार पर समुचित सीमायें निर्धारित की गई हैं, यानी कोई भी संशोधन संविधान का मूल ढांचा नष्ट नहीं कर सकता है। इन सीमाओं का उल्लंघन या उनको 'तकनीकी' बता कर खारिज करना न केवल विधिक रूप से अनुचित, बल्कि लोकतांत्रिक रूप से खतरनाक होगा। संविधान को पूर्णतः बदलने का संकेत भी खतरनाक है। तत्कालीन राजनीतिक लाभों को ध्यान में रख कर संविधान बदलने का प्रयास शक्ति संतुलन में अस्थिरता पैदा कर सकता है, नागरिक स्वतंत्रताओं को छीन सकता है तथा विनाशकारी परिणाम सामने ला सकता है जिनमें बहुसंख्यकवादी शासन, अल्पसंख्यक अधिकारों की अनदेखी, संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाना, राज्य की शक्तियों को कम करना तथा न्यायिक स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाना शामिल हैं। इनमें भाषण की स्वतंत्रता तथा विरोधी विचारों को व्यक्त करने पर लगाम लगाना भी शामिल हैं। वास्तव में, संवैधानिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाना उस आधार को ही हटाना होगा जिसके आधार पर भारत का लोकतंत्र स्थापित है। संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं है। यह एक प्रकार का 'सामाजिक अनुबंध' या भारत के 1.4 मिलियन लोगों से की गई प्रतिज्ञा है कि उनको गरिमा, न्याय और समानता के आधार पर सह-अस्तित्व का अधिकार है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के अनुसार इस साझा अनुबंध ने भारतीय लोकतंत्र को अनेक संकटों से उबारा है। इस प्रकार भारत का संविधान अत्यधिक पवित्र तथा बुरी इच्छा से पैदा विवादों से ऊपर है।

# उपभोक्ता संरक्षण कानून में सुधार

**उपभोक्ताओं को संरक्षण देने के लिए कानून में व्यापक संशोधनों की आवश्यकता है जिनमें शिकायत प्रक्रियाओं का सरलीकरण तथा कठोर पैकिंग मानक लागू करना आदि शामिल हैं।**



सुभाष चंद्र अग्रवाल
(लेखक, आरटीआई सलाहकार हैं)




उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 में जमीनी परिवर्तनों की आवश्यकता है जिनमें स्वयं कानून में परिवर्तन या उसके नियमों में परिवर्तन शामिल हैं ताकि शिकायतों की आवश्यकता ही न पैदा हो। उपभोक्ताओं का बहुत छोटा हिस्सा ही उपभोक्ता अदालतों में अपने उपभोक्ता-अधिकारों के लिए जाता है तथा बड़े निर्माताओं के गलत व्यवहारों की शिकायत करता है। इसका कारण यह है कि प्रक्रिया बहुत जटिल है तथा उपभोक्ता अदालतों में समय की बहुत अधिक बरबादी होती है। भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपनी वेबसाइट पर पोर्टल 'जागो ग्राहक जागो' शुरू किया है। लेकिन यह उन कंपनियों के पोस्ट आफिस की तरह है जिनकी शिकायत की जाती है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि यदि वे पोर्टल के माध्यम से मिले कंपनियों के जवाब से संतुष्ट न हों तो उपभोक्ता अदालत जा सकते हैं।

इस पोर्टल को व्यावहारिक रूप से प्रभावी बनाने के लिए जरूरी है कि कंपनियों से संबंधित विभाग उनके जवाबों की जांच करें तथा यदि जवाब संतोषजनक न हो तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। सभी कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे अपनी वेबसाइटों पर संपर्क का विस्तृत विवरण दें जिनमें उनके संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों और निदेशकों के नाम शामिल हों। कंपनियों की इन सभी वेबसाइटों में अनिवार्य रूप से सरकारी पोर्टलों व उपभोक्ता फार्मों का विस्तृत विवरण दिया जाना चाहिए। 'एक्चुअल मेंटेनेंस कान्ट्रैक्ट्स'-एएमसी को व्यावहारिक रूप से विस्तारित वारंटियों तक विस्तार दिया जाना चाहिए क्योंकि अधिकांश कंपनियां एएमसीके अनेक आयामों को शामिल न कर उपभोक्ताओं को धोखा देती हैं। सभी पैक वस्तुओं को सही मीट्रिक भावना से 1, 2, 5, 10, 20, 50, 100, 200, 500 या 1,000 इकाइयों में पैक किया जाना चाहिए जिससे पैकेटों पर एक इकाई के दाम लिखने की जरूरत समाप्त होगी। एक लोकप्रिय दुग्ध ब्रांड ने दूध के 950 मिली. व 1900 मिली. पैकेट बनाने शुरू किए हैं जो पहले के 1000 व 2000 मिली. पैकेटों जैसे लगते हैं। दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के अनेक पैकेट 400 मिली. और 450 मिली. के होते हैं जिससे वे ग्राहक को 500 मिली. होने का भ्रम पैदा करते हैं। घी जैसी वस्तुओं की पैकिंग 1 या 5 लीटर की होती है, पर किलो में ये 15 किलो के पैक होते हैं। ऐसे उत्पादों की पैकिंग स्पष्ट रूप से भार या मात्रा के अनुसार होनी चाहिए।

दवा निर्माता कभी-कभी ग्राहकों को भ्रमित करने के लिए खांसी की गोलियां जैसे उत्पादों की पैकिंग हर पत्ते में आठ की करते हैं, जबकि सामान्य रूप से ये दस होनी चाहिए। अनेक दवा निर्माताओं ने अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए 10 के बजाय 15 के पत्ते बनाने शुरू किए हैं। दवाओं की पैकिंग के बारे में सुझाव दिया जाना चाहिए कि सक्षम अधिकारी द्वारा खूराक के बारे में कोई नियम बनाए बिना इनके अपवाद नहीं होने चाहिए। कभी-कभी निर्माताओं द्वारा अन्य उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार दिए जाते हैं, पर व्यापारी उनको हड़प कर लेते हैं। मार्केटेड उत्पादों के साथ उपहारों की व्यवस्था में उपहार पर मोटे अक्षरों में 'अकेले बिक्री के लिए नहीं' लिखा जाना चाहिए। चूंकि सर्वोच्च न्यायालय ने ए-4 साइज के कागज के प्रयोग की अनुमति दी है, इसलिए बड़े आकार के लीगल-साइज़ पेपर के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ए-4 साइज के पेपर में थोड़ा परिवर्तन कर वर्तमान 29.5 सेमी. गुणा 21 सेमी. को सच्ची मीट्रिक भावना से 30 सेमी. गुणा 20 सेमी. किया जा सकता है। सरकार-प्रशासित सेवाओं और वस्तुओं की कीमतें एक रुपया प्रति इकाई होनी चाहिए तथा पेट्रोल-डीजल जैसी वस्तुओं व एलपीजी रिफिल के लिए 50 रुपये के गुणक में होनी चाहिए। इसी प्रकार सभी पोस्टल खर्च दस रुपये के गुणक में होनी चाहिए। अपवाद स्वरूप सामान्य पोस्टकार्डों व पंजीकृत अखबारों के लिए खर्च एक रुपये तक सब्सिडी द्वारा किया जा सकता है। इससे ग्राहकों पर बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि डिलीवरी करने वाले बाकी पैसे वापस नहीं करते हैं। कीमतों को एक रुपये तक करने से सरकार अतिरिक्त राजस्व कमा सकती है। यह खुशी की बात है कि फेडरेशन आफ होटल एंड रेस्टोरेंट असोसियेशन आफ इंडिया को दिल्ली उच्च न्यायालय में पराजय का सामना करना पड़ा है जिसमें केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकरण द्वारा दिए निर्देशों को चुनौती दी गई थी जिसमें होटलों और रेस्टोरेंटों द्वारा बिलों पर सेवा सरचार्ज को समाप्त किया गया था। उपभोक्ता संरक्षण कानून में संशोधन किया जाना चाहिए ताकि होटल और रेस्टोरेंट सरकारी-टैक्सों के अलावा अतिरिक्त धन न ले सकें। इसके साथ ही उपभोक्ता संरक्षण कानून में 'टिप' देने के औपनिवेशिक व्यवहार पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए तथा होटलों और रेस्टोरेंटों को प्रमुखता से 'नो टिप्स' बोर्ड भी प्रदर्शित करने चाहिए।

भारत सबसे बड़े उपभोक्ता आधार वाला देश है, इसलिए वह विदेशी कंपनियों पर ऐसी शर्तें लगा सकता है जिनके अनुसार भारत में वस्तुएं आयात करने वाली कंपनियों को भारत में विनिर्माण इकाइयां लगाना जरूरी हो। यह खासकर भारतीय बाजारों में कार्यरत विदेशी कंपनियों के लिए लागू होना चाहिए जो मूल देश के अलावा दूसरे देशों के उत्पादों से भारतीय बाजार को पाट देते हैं। इसका उदाहरण उत्तर प्रदेश के नोयडा में सैमसंग मोबाइल विनिर्माण प्लांट की स्थापना है। इसके परिणामस्वरूप भारत को निर्यात से काफी विदेशी मुद्रा प्राप्त हो सकती है तथा ऐसी वस्तुओं के आयात पर विदेशी मुद्रा का खर्च नहीं होगा। केन्द्र सरकार को उन वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जो भारत में ज्यादा अच्छी गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हैं। 'ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्डस'-बीआईएस को प्रिंटर निर्माताओं की एक बैठक बुलानी चाहिए जिनमें विदेशी कंपनियों के निर्माता भी शामिल हों ताकि वे इंक कार्टेजेज़ के प्रकार न्यूनतम कर सकें। सबसे बड़ी विदेशी कंपनी हैलट-पैकार्ड-एचपी के एक ही स्वरूप और आकार वाले अनेक प्रकार के कार्टेज हैं जिनमें इंकजेट व लेज़र प्रिंटर शामिल हैं। इस प्रकार के मानकीकरण से इंक कार्टेजों की कीमत में भारी कमी आएगी। यह शर्त लगानी चाहिए कि ऐसी अतिरिक्त चीजों का भारतीय उत्पादकों द्वारा निर्माण की अनुमति दी जाए। बिजली के प्लगों और साकेटों की तरह मोबाइल चार्जरों का मानकीकरण भी किया जाना चाहिए और यह सभी कंपनियों के सभी प्रकार के मोबाइलों पर लागू होना चाहिए। केन्द्र सरकार को टायर व बैटरियों जैसे अतिरिक्त उत्पादों के लिए भी मानकीकरण लागू करना चाहिए ताकि विभिन्न कार निर्माताओं द्वारा तैयार की जाने वाली कारों के विभिन्न माडलों में समान अतिरिक्त वस्तुओं का प्रयोग किया जा सके। इससे ऐसी वस्तुओं की कीमत में भारी कमी आएगी क्योंकि कुछ सीमित आकारों और विशेषताओं वाली चीजों का बड़ी संख्या में अतिरिक्त उत्पादन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए कुछ आकारों और विशेषताओं वाली चीजों का आपस में विलय किया जा सकता है। हालांकि, केन्द्र सरकार की आटो-नीति में ऐसे दिशानिर्देश शामिल हैं, पर वास्तव में उनका कभी पालन नहीं होता है।

वर्तमान समय में अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी तथा वस्तुओं के एक्स-फैक्ट्री मूल्य के बीच कुल मुनाफे की कोई सीमा नहीं है जिससे व्यापारियों को भारी मुनाफा होता है। यहां तक कि सस्ती जेनेरिक दवाओं पर छपे एमआरपी और उनके थोक मूल्य के बीच दस गुना से अधिक अंतर है। इस प्रकार व्यापार में भारी मुनाफा खरीद में भ्रष्टाचार का कारण बनता है। सामान्य उपभोक्ताओं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है क्योंकि उनकी पहुंच थोक बाजारों तक नहीं है और इस बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है। उपभोक्ता मामलों के विभाग को किसी भी वस्तु के लिए कुल न्यूनतम व्यापार मुनाफे की घोषणा करनी चाहिए जिससे अनेक वस्तुओं के एमआरपी में कमी आएगी। राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण-एनएपीपी को विशेषज्ञों तथा आम जनता से प्राप्त सुझावों पर गौर करना चाहिए। चंडीगढ़ के एक उपभोक्ता फोरम ने एक विख्यात जूता कंपनी पर 9000 रुपये का जुर्माना लगाया था क्योंकि वह कागज के बैग के लिए तीन रुपये ले रही थी। लेकिन यही कंपनी तथा कुछ अन्य लोकप्रिय ब्रांडों वाली कंपनियां शापिंग मॉलों में खरीदारों से पेपर बैग के पैसे ले रही हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग को वस्तुओं की पैकिंग के लिए प्रयोग होने वाले शापिंग बैगों की 'बिक्री' पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# पाक पर भारत के पलटवार का परिणाम

“ यह एक नया भारत है, एक आक्रामक भारत, जिसने न केवल पाकिस्तान बल्कि अमेरिका, चीन और पूरे पश्चिम को हिला दिया है। ”



बंशीधर रुखययार
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

पहलगाम में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों का नरसंहार एक अलग स्तर पर था, क्योंकि यह जघन्य अपराध पर्यटकों का धर्म पूछकर किया गया था। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया और पूरा देश आतंकवादियों और उनके आकाओं से बदला लेना चाहता था। सरकार ने आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्रों को नष्ट करने का फैसला किया, ताकि उनके राजनीतिक आकाओं और आकाओं को कोई नुकसान न पहुंचे।

ऐसा इसलिए था क्योंकि भारत सरकार आतंकवादियों को दंडित करने और उनके प्रशिक्षण शिविरों और ठिकानों को नष्ट करने तक ही कार्रवाई को सीमित रखना चाहती थी, ताकि यह एक पूर्ण युद्ध में न बदल जाए। भारत सतर्क था क्योंकि अमेरिका भारत के तेजी से विकास को रोकना चाहता था। अंकल सैम यूएसएसआर का मुकाबला करने के लिए चीन का समर्थन करते समय की गई वही गलती नहीं दोहराना चाहते। अमेरिका भारत को तभी विकास करने देगा जब वह अमेरिका का सहयोगी बन जाएगा, हालांकि वह चाहता है कि भारत चीन का मुकाबला करे। अन्यथा, वह भारतीय अर्थव्यवस्था के चार्जिंग व्हील पर अड़चनें डालेगा। और यह अमेरिकी नीति है और इसका इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि बिडेन सत्ता में हैं या ट्रम्प।

सिंधु जल संधि को स्थगित करने और पाकिस्तान के खिलाफ अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों का भारत सरकार द्वारा लिया गया निर्णय आतंकवाद के प्रति हमारी प्रतिक्रिया में एक बार फिर एक आदर्श बदलाव था। भारत ने बिना किसी नागरिक क्षति के आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों और उनके ठिकानों को काफी हद तक नष्ट करने में सफलता प्राप्त की।



लेकिन पाकिस्तान ने पूरी ताकत से जवाब दिया और फिर भारत को अपनी पूरी ताकत से जवाब देना पड़ा। भारतीय रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तानी हमलों को बेअसर कर दिया और असाधारण सटीकता और प्रभावशीलता के साथ उन पर हमला किया। भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच इस बारे में टेलीफोन पर बातचीत के बाद जब युद्ध विराम की घोषणा की गई तो भारत का पलड़ा भारी था। युद्ध विराम युद्ध की घोषणा के बिना ही हुआ था। यह इतना अचानक हुआ कि पूरा देश अचंभित रह गया। ट्रम्प ने युद्ध विराम की खबर दी और इसमें अपनी भूमिका का बखान किया, जिसे बाद में उन्होंने खुद ही खारिज कर दिया।

भारत सरकार ने कभी भी अमेरिकी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया। मोदी ने भी युद्ध विराम के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए अमेरिका या ट्रम्प का जिक्र नहीं किया। अचानक युद्ध विराम के कारणों के बारे में कोई निश्चित बयान नहीं दिया जा सकता। कोई भी निष्कर्ष अनुमान और अनुमान पर आधारित होगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी हमारे रुख के अनुसार जारी है। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसकी प्रतिक्रिया पाकिस्तान के व्यवहार पर आधारित होगी और हर मामले में अलग-अलग होगी। किसी भी आतंकी कृत्य का जवाब कठोर दंडात्मक कार्रवाई से दिया जाएगा। आतंकियों के साथ-साथ उनके आकाओं को भी दंडित किया जाएगा।

यह हमारी नीति में एक स्वागत योग्य बदलाव है। शांति वार्ता आतंक और पीओके तक ही सीमित रहेगी। कोई भी शांति वार्ता द्विपक्षीय होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह एक नया भारत है, एक आक्रामक भारत, जिसने न केवल पाकिस्तान बल्कि अमेरिका, चीन और पूरे पश्चिम को हिला दिया है। इस ऑपरेशन ने हमारी स्वदेशी तकनीक की ताकत और हमारे सशस्त्र बलों द्वारा सावधानीपूर्वक योजना और सटीक निष्पादन की गहराई को दिखाया है। जहां तक ??संभव हो एक पूर्ण युद्ध से बचने की जरूरत है और भारत ने यही किया है। अमेरिका चाहता था कि भारत चीन के साथ एक पूर्ण युद्ध लड़े ताकि भारत और चीन दोनों कमजोर हो जाएं। लेकिन दोनों देशों ने समझदारी दिखाई और सीमा पर तनाव कम कर दिया। पाकिस्तान के साथ कोई भी युद्ध आसानी से खत्म नहीं होगा। पाकिस्तान यूक्रेन के साथ खेलेगा और भारत रूस की तरह एक लंबे युद्ध में फंस जाएगा, जिससे हमारी आने वाली अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा।

अमेरिका के साथ व्यवहार करते समय हमें बहुत सावधान रहने की जरूरत है। यह विश्वसनीय नहीं है और ट्रम्प के शासन में यह खतरनाक रूप से अप्रत्याशित है। किसिंजर ने एक बार कहा था कि अमेरिका की दुश्मनी खतरनाक है लेकिन उसकी दोस्ती घातक है। यूक्रेन ने अपनी खनिज संपदा खो दी है और वह अपना विशाल क्षेत्र भी खोने जा रहा है। यह वह कीमत है जो यूक्रेन को चुकानी होगी।

## आप की बात

### अमेरिका की रेटिंग

**लगातार** तीसरे साल मूडीज रेटिंग्स ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटा दी है। फिच और एसएंडपी ने भी 2023 में इसे घटा कर एएए से एएआई कर दी थी। अमेरिका सहित कई उन्नत देश प्रतिकूल ऋण जीडीपी अनुपात का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, उच्च टैरिफ के साथ आर्थिक उतार-चढ़ाव, महामारी के प्रभाव और यूक्रेन युद्ध के दोहरे झटकों ने आग में घी डालने का ही काम किया है। डाउनग्रेड निवेशकों को चेतावनी के संकेत भेजता है। इससे पहले से ही उच्च मुद्रास्फीति और लगातार भारी टैरिफ से जूझ रहे अमेरिकियों के लिए कर्ज लेने की लागत बढ़ सकती है। इसके अलावा, राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ते कर्ज के बोझ ने अमेरिका की साख को सवालों के घेरे में ला दिया है। हालांकि, ऐसी क्रेडिट रेटिंग्स से वित्तीय बाजारों में व्यवधान या अल्पावधि में पूंजी प्रवाह की प्रकृति में बदलाव नहीं आएगा, लेकिन रेटिंग एजेंसियां और बाजार विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि अमेरिका अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल का सामना कर रहा है। यह समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चुनौतियों से भरा है जिनको कई बार अपने पूर्वघोषित निर्णयों को बदलना या उलटना पड़ा है। लेकिन इसके कारण पूरी दुनिया में आर्थिक अस्थिरता जैसी स्थितियां पैदा हो रही हैं।

**-विजय सिंह,** देहरादून

### बसपा की रणनीति

**बहुजन समाज पार्टी** की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को एक बार पुनः पार्टी में राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक बनाकर कांग्रेस, सपा और भाजपा को चुनावी चक्रव्यूह में फंसाने का प्रयास किया है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव भी अकेले अपने दम पर लड़ने की घोषणा की है। बसपा इस समय अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। 2007 में यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद उसे 2012 में करारी हार का सामना करना पड़ा तथा उसका अपना वोटबैंक भी बड़ी सीमा तक खिसक गया। यही कारण है कि मायावती लगातार देश की राजधानी में डेरा डाले हुए है। बसपा की कोशिश है कि पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा बचाते हुए उसका पुराना दर्जा बहाल किया जाए। मायावती ने बहुजन वालंटियर फोर्स-बीवीएफ को मजबूत करने का बीड़ा उठाया है जिसने उसकी विचारधारा जमीनी स्तर तक पहुंचाने तथा बहुजनों के लिए संघर्ष करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन विडंबना है कि बसपा ने कांशीराम की रणनीति से विचलन और उसके नतीजों पर गंभीर विचार-विमर्श नहीं किया है। इसके चलते अवसरवादी तत्व बहुजनों के वोटों का लाभ उठाते रहे।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### राजनयिक प्रयास

**पहलगाम** हत्याकांड के बाद भारत ने मात्र 23 मिनट की सटीक जवाबी कार्रवाई में आतंकवादियों के किले ध्वस्त कर दिए। इस ऑपरेशन ने न केवल भारत की सैन्य शक्ति बल्कि उसकी तकनीकी दक्षता और रणनीतिक तैयारी को भी दर्शाया। भारत की इस त्वरित और प्रभावशाली प्रतिक्रिया से पूरी दुनिया ने उसका बुलंद हौसला, आत्मविश्वास और 140 करोड़ देशवासियों की एकजुटता को देखा। वर्तमान समय में युद्ध केवल जमीनी लड़ाई या हथियारों पर निर्भर नहीं है, बल्कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन तकनीक और साइबर युद्ध जैसे आधुनिक साधन भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कमजोर समझे जाने वाले राष्ट्र भी अब शक्तिशाली सहयोगियों के समर्थन से मजबूत हो जाते हैं, जैसा कि यूक्रेन के मामले में देखने को मिला। पाकिस्तान भी इसी राह पर चलने की कोशिश कर रहा है जिसमें चीन और तुर्किए व ईरान जैसे देश अपने कूटनीतिक स्वार्थ के तहत सहयोग कर सकते हैं। इसे देखते हुए भारत सेना को मजबूत करने के साथ ही विश्व स्तर पर अभूतपूर्व राजनयिक प्रयास भी कर रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों में जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महत्वपूर्ण पहल का अंग हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### देश के गद्दार

**सुरक्षा** संबंधी राज़ और उनकी कमजोरियां ज्यातातर देश के भीतर से ही बाहर भेजी जाती है। कहते है सुरक्षा में सेंध लगने लगे तो दुश्मन को ताकत नहीं लगानी पड़ती। ज्योति मल्होत्रा और अन्य कथित जासूसों की गिरफ्तारी एक गंभीर चेतावनी है। देशभक्ति का मुखौटा पहन कर भीतर से देश को खोखला करने वाले चेहरे अब सोशल मीडिया की आड़ में भी सक्रिय हैं। ट्रैवल ब्लॉगर का पाकिस्तान से संबंध और उच्चायोग की पार्टियों में आना-जाना महज संयोग नहीं हो सकता। देश के खिलाफ गद्दारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए। हरियाणा और पंजाब से जुड़े इन मामलों की आवृत्ति इस ओर भी इशारा करती है कि सीमापार की ताकतें रणनीतिक रूप से सांस्कृतिक और तकनीकी माध्यमों के जरिए हमारे समाज में सेंध लगा रही हैं। यह सिर्फ जांच का विषय नहीं, बल्कि चेतना का भी प्रश्न है। समय आ गया है कि भारत अपने भीतर छिपे इन खतरों की पहचान करे और ऐसे नेटवर्क्स को जड़ से समाप्त करे। देश के गद्दारों से नरमी देशद्रोह को न्योता और अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

**- अमृतलाल मारू,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया आतंक विरोध दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के 34 सी पुण्यतिथि जो प्रतिवर्ष आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है को बेमेतरा जिले घर से आए हुए कांग्रेसियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी को याद किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक को सामाजिक हो अथवा राजनीतिक वैज्ञानिक टेक्नोलॉजी की बात हो या विदेश नीति की सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया था। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पंचायती राज के प्रबल पक्षधर थे। वह पंचायती राज के माध्यम से भारत वर्ष में प्रजातंत्र की नई को मजबूत करना चाहते थे। साथ ही साथ राजीव गांधी की सोच थी कि व्यक्ति को अपने भौतिक अधिकार तथा भौतिक कर्तव्य का पूर्ण ज्ञान हो और वह उसकी इमानदारी से पालन करें गांव की पंचायत अपने ग्राम के संबंध में खुद निर्णय ले। ग्राम में भारत के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था राष्ट्रवाद धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी विचारधारा ही हमारे इस महान देश की अकेली प्रासंगिक विचारधारा है, जिसे हम सभी को जीवित रखना है। देश में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बना रहना चाहिए, देश की अक्षुण्णता पर आंच नहीं आनी चाहिए, जिस तरीके से पड़ोसी देश हमारे देश को अपनी आंखें दिखा रहा है अपने पाले हुए आतंकवादियों को हमारे देश में भेज कर नफरत की आग लग रहा है। ऐसे में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कि यह बातें और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों को आतंकवाद विरोध की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत में निर्वाचित बेमेतरा जिले के कांग्रेस पदाधिकारी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा राम बिहारी राजपूत अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संबलपुर जितेंद्र उपाध्याय अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थान खम्हरिया सुरेंद्र तिवारी टी आर जनार्दन दिनेश पटेल शत्रुघ्न साहू हरीश पंचराम साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बाल कुमारी ध्रुव सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सनत धर दीवान रवि रजक दीपक दिनकर अमित वर्मा शिव वर्मा हीरा देवी वर्मा सूर्य प्रकाश शर्मा सीमा टिकरिहा शुभम गंधर्व कौशल्या होमलाल साहू प्रवीण शर्मा कविता साहू रीता पांडे मनोज शर्मा रश्मि मिश्रा योगिता साहू ललिता देवी रूबी सलूजा दुर्गेश्वरी साहू विद्या रात्रे प्रेमलता सीताराम यदु नवाज खान मरियम बी रास बिहारी कुर्रे भारत भूषण साहू राजू साहू बहल वर्मा महानंद यादव अजय राज सेन देवा गर्ग ओमप्रकाश साहू गोरेलाल चंद्राकर कमल नारायण भास्कर राजेश दुबे टेकेंद्र बघेल बलवंत साहू गुलाब मंडावी श्रीराम यदु विजय रात्रे भुनेश्वर वर्मा रवि गुप्ता राजकुमार सेन गुडडु सेन गोविंदा राजपूत नंद कुमार लक्ष्मण राजपूत रामखिलावन साहू सुशील निर्मलकर मनहरन सिन्हा प्रज्वल वर्मा डॉ शिरीष शर्मा यशवंत साहू दिवाकर साहू सूरज कोशले सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# विवादित टेंडर को लेकर बालोद के जिला शिक्षा अधिकारी आए बैकफुट पर

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



विवादित टेंडर को लेकर बालोद के जिला शिक्षा अधिकारी आखिर बैकफुट पर आ गए हैं। डीएमएफ फंड से पॉलीकार्बोनेट डोम शेड निर्माण सहित अन्य कार्यो के नियम विरुद्ध टेंडर को आखिरकार, निरस्त करना पड़ा। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने बताया कि इसके बाद पूर्व में डीएमएफ फंड से कराए कार्य की जांच भी कराने की सुगबुगाहट होने लगी है। इसमें बड़े ठेकेदार, कई विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। गौरतलब हो कि जिले के कुछ अफसर अपनी ऊंची पकड़ को लेकर खुलकर भर्राशाही कर रहे हैं। एक ओर ऊंची कुर्सी पर बैठे अफसर अपनी पकड़ मंत्री तक बता रहे हैं वहीं निचले तबके के अफसर अपनी पकड़ बताकर खुलकर उगाही कर रहे हैं। ये सुशासन की सरकार है यहां भ्रष्टाचार नहीं चलेगा, यह वाक्य भ्रष्टाचार के खिलाफ विश्वास व्यक्त करता है और यह दर्शाता है कि यह विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के सिद्धांतों का पालन करेगी। प्रदेश में भाजपा की पारदर्शी सरकार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी हर सरकारी काम जीरो टॉलरेंस के साथ कर रही है, साय के सुशासन का यह मूलमंत्र है- भ्रष्टाचार रहित साफ स्वच्छ शासन और प्रशासन सुशासन तिहार इसलिए मनाया जा रहा है। अगर कोई अधिकारी भ्रष्टाचार करता है तो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञात रहे की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने भी इस मसले को लेकर कड़े एक्शन की चेतावनी दे दी थी।

# 67 नये शराब दुकान खोलने का एनएसयूआई ने किया विरोध

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा 67 नई शराब दुकानों को खोलने की तैयारी ने राज्य की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने इस कदम का तीखा विरोध करते हुए सरकार पर जनहित की उपेक्षा करने और सामाजिक मूल्यों को गिराने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पात्रे ने तीखा बयान जारी करते हुए कहा, एक ओर राज्य की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है स्कूलों में शिक्षकों की कमी, खराब आधारभूत ढांचा और गिरते परीक्षा परिणाम वहीं सरकार शराब के कारोबार को बढ़ावा देने में जुटी है। क्या यही है 'नया छत्तीसगढ़' का विकास मॉडल?, कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार जनता की असल जरूरतों से ध्यान हटाकर राजस्व के नाम पर शराब को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब प्रदेश के गाँवों में प्राथमिक शिक्षा तक की व्यवस्था नहीं है, तब सरकार को शराब की दुकानें खोलने की इतनी जल्दी क्यों है। पात्रे ने कहा, छत्तीसगढ़ में सरकार की प्राथमिकता अब स्पष्ट है शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को दरकिनार कर, समाज को शराब में डुबोने की योजना बनाई जा रही है। ये नीति युवाओं को बर्बादी की ओर धकेलने वाली है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो वह राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। पार्टी का कहना है कि जनता के हित में वे सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे। इस मुद्दे पर जनमानस में भी नाराज़गी देखी जा रही है। कई सामाजिक संगठनों ने इस फैसले का विरोध करते हुए सरकार से नीति पर पुनर्विचार करने की माँग की है।

# पीएमश्री सेजेस शिवलालराठी बेमेतरा में समर कैंप का समापन

## बच्चों ने सीखी स्केचिंग, हस्तकला, रोबोटिक्स, वैदिक गणित जैसी रचनात्मक विधाएं

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गर्मी की छुटियों के रचनात्मक उपयोग और बच्चों की प्रतिभा निखारने हेतु पीएमश्री सेजेस शिवलालराठी विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह पूर्णतः स्वैच्छिक कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें पालकों की सहमति से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। समर कैंप के दौरान स्केचिंग, हस्तकला, क्रोशिया, फैंसी बैग निर्माण, नृत्य, वैदिक गणित, स्पोकन इंग्लिश, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी रचनात्मक एवं नवीनतम विधाओं की शिक्षा दी गई। प्रतिदिन सुबह योग और जुंबा से दिन की शुरुआत होती, जिसका संचालन छात्रा मानसी सिंह ने किया। इसके पश्चात विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाता था। शिक्षिकाओं रश्मि वशिष्ठ, वालेश्वरी साहू, वर्षा साहू, अनामिका रंजीत, मधु मेरावी और खुशी साहू ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया, साथ ही विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया। दुर्ग स्थित फर्म माइक्रोटेक द्वारा चार दिवसीय रोबोटिक्स व एआई कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पूर्व देवांगन, प्रणय वर्मा, अनुराग वर्मा और आदिति दुबे ने सेंसर युक्त मॉडल प्रस्तुत कर अतिथियों की सराहना प्राप्त की। छात्र कनिष्क साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी का हूबहू स्केच बनाकर सभी को चकित कर दिया, जबकि मुखेंद्र ने फोटोग्राफी में अपनी भूमिका निभाई। विज्ञान विषय की व्याख्याता स्मृति अग्रवाल ने पुणे में आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने के पश्चात समर कैंप में एसटीईएम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विज्ञान के मूल प्रयोगों से अवगत कराया। समापन समारोह में वार्ड पार्षद लंकी साहू, नीतू कोठारी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेन्द्र साहू तथा डॉ. अगमदास गोस्वामी उपस्थित रहे। उनके कर कमलों से 80% से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. बंजारे ने अपने उदबोधन में समर कैंप को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा विद्यालय की बोर्ड परीक्षा की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए संस्था प्राचार्य व शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

# संबलपुर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के संबलपुर में लोधी समाज के आवाहन पर आयोजित धरना प्रदर्शन एवं पुलिस चौकी घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए। ज्ञात हो कि संबलपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या की गई थी, जिसे आरोपी पुलिस चौकी संबलपुर से फरार हो गया है और यह पुलिस के लापरवाही का नतीजा है। जिस कारण से अपराधियों के मन में कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार का खौफ नहीं है। आरोपी को फरार हुए लगभग तीन माह होने को आ रहे हैं किंतु अब तक बेमेतरा पुलिस हाथ में हाथ धरी बैठी है, जिसे लेकर सर्व समाज के साथ-साथ विशेष रूप से लोधी समाज के द्वारा शासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन तथा पुलिस चौकी के घेराव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी समर्थन दिया गया था। इस परिपेक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार तथा नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरदयाल सिंह बंजारे भी अपना समर्थन व्यक्त करने धरना स्थल पर पहुंचे तथा चौकी के घेराव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक का आशीष छाबड़ा ने कहा यह संघर्ष किसी एक परिवार का नहीं है सोनाक्षी पूरे समाज की बेटी थी। परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरा कांग्रेस परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है जहां आवश्यकता पड़ेगी हम कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। यह लड़ाई बेटी की सुरक्षा सम्मान और न्याय की लड़ाई है, जिसमें किसी किस्म से समझौते की कोई गुंजाइश नहीं है। हम शासन से अति शीघ्र आरोपी के गिरफ्तारी की मांग करते हैं तथा गिरफ्तारी नहीं होने की दशा में आंदोलन को और विस्तृत रूप दिया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज जागेश्वरी वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य थानेश्वर साहू पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुरेंद्र तिवारी शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा सुशीला जोशी सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा हरिश साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा टी आर जनार्दन झम्मन बघेल विजय बघेल रश्मि मिश्रा रूबी सलूजा योगिता साहू मनोज शर्मा राम बिहारी राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष संबलपुर रामेश्वर साहू ब्लॉक अध्यक्ष नवगढ़ प्रांजल तिवारी राजू साहू विजय यादव रितेश शर्मा यौवन डिंडोरी दीपक दिनकर जावेद खान रवि गुप्ता भीखम साहू ईश्वर लोधी अंजलि मारकंडे गुरु भेज प्रिंस डेहरे अमित जैन सहित भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, खेल प्रतिभाओं को निखारने का सुनहरा अवसर

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। यह तीस दिवसीय शिविर जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रशिक्षण शिविर का उददेश्य युवाओं को विभिन्न खेल विधाओं की तकनीकी जानकारी देना है, जिससे उनके खेल कौशल में सुधार हो सके। शिविर के माध्यम से जिले में खेल के प्रति एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा और खेल जागरूकता भी बढ़ेगी। शिविर में प्रतिभागियों को कुशल खेल प्रशिक्षकों, व्यायाम शिक्षकों, वरिष्ठ एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। प्रशिक्षण स्थलों का निर्धारण विभिन्न खेलों के अनुसार किया गया है। जिसमें कराते प्रशिक्षण स्टेडियम, बेसिक मैदान एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में टेबल टेनिस प्रशिक्षण स्टेडियम एवं सेजेस देवर बीजा बैडमिंटन, क्रिकेट एवं कबड्डी प्रशिक्षण जिला स्टेडियम बेमेतरा किक बॉक्सिंग प्रशिक्षण द वार क्राई एकेडमी मार्शल आर्ट एवं सेल्फ डिफेन्स द मार्शल आर्ट एंड सेल्फ डिफेन्स एकेडमी शिविर में जिले के सैकड़ों बालक-बालिकाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण से न केवल खिलाड़ियों की व्यक्तिगत क्षमता बढ़ेगी, बल्कि जिले को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में पहचान दिलाने में भी यह शिविर सहायक सिद्ध होगा। खेलो और आगे बढ़ो की भावना के साथ यह शिविर युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं फिटनेस के साथ सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र विवाद: छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने उठाई जांच की मांग, सत्यापन नहीं होने पर उपमुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने जिला कलेक्टर और सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य लिपिक अजय कुमार देवांगन के दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जांच और सत्यापन की मांग की है। संघ का कहना है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ के अनुसार, विशेष भर्ती अभियान के तहत श्रवण बाधित दिव्यांगता के आधार पर नियुक्त लिपिक अजय कुमार देवांगन का प्रमाण पत्र अस्थाई है, जिसकी वैधता 13 अगस्त 2018 को समाप्त हो चुकी है। नियमानुसार, नियुक्ति के लिए स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र अनिवार्य है, लेकिन न तो प्रमाण पत्र का सत्यापन किया गया है और न ही कोई स्थाई प्रमाण प्रस्तुत किया गया है। संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि अजय कुमार देवांगन, जो मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी हैं, ने बिलासपुर से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया है। उक्त प्रमाण पत्र कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद महाजन द्वारा जारी किया गया है, जिनके खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने की जांच स्वास्थ्य संचालनालय के स्तर पर चल रही है। संघ ने रायपुर स्थित संभागीय मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता की पुनः जांच कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र जांच नहीं की गई, तो उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अजय कुमार देवांगन को सीएचसी झलमला पदस्थ किया गया है, लेकिन वे वहां उपस्थित नहीं हुए हैं और बावजूद इसके उन्हें वेतन भुगतान किया जा रहा है। वहीं, उन्हें पुनः सीएमएचओ कार्यालय में बुलाकर कार्य भी कराया जा रहा है। अब तक न तो कोई जांच समिति गठित की गई है और न ही दिव्यांगता के सत्यापन के लिए बोर्ड भेजा गया है। संघ ने इस पूरे प्रकरण में त्वरित जांच और पारदर्शिता की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 68 विद्यार्थियों का चयन

## लगातार तीसरे वर्ष बेमेतरा जिले में बेरला ब्लाक को मिला प्रथम स्थान, विकासखंड बेरला के 57 बच्चों को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा 2025 के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बेमेतरा जिले में कुल 68 बच्चों का चयन हुआ। उसमें से 57 बच्चे सिर्फ बेरला विकासखंड से उत्तीर्ण हुए हैं। विकासखंड बेरला के लिए यह अत्यंत गौरवशाली क्षण है कि विकासखंड बेरला के 57 बच्चों ने उक्त परीक्षा में चयन होकर अपने प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया। विकासखंड बेरला के शिक्षक एवं बच्चे स्वयं से प्रेरित होकर कार्य तत्परता पूर्वक संपन्न करते हैं। जिले के 68 बच्चों को नवमी से बारहवीं तक मिलेगी 1000 प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा कक्षा आठवीं में अध्ययन करने वाले पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता होती है। जिसके अंतर्गत सफल होने पर बच्चों को प्रति माह कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक 1000 की राशि प्राप्त होती है। अतः कुल मिलाकर एक वर्ष में 12000 और 4 वर्षों में 48000 की राशि प्राप्त होती है। जिसके लिए विकासखंड बेरला के विभिन्न विद्यालयों के द्वारा बच्चों से फॉर्म नामांकन जमा कराए गए थे तथा प्रधान पाठक एवं शिक्षक साथ ही साथ संकुल समन्वयक की महती क्रियान्वयन के तहत 1106 बच्चों को उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराया गया था। जिसमें से लगभग 329 बच्चे सफल हुए एवं 57 बच्चे उक्त परीक्षा में छात्रवृत्ति पाने में चयनित हुए। इस राशि के माध्यम से बच्चे आगे चलकर अपनी पढ़ाई से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को तार्किक एवं कौशल शिक्षा में परिपक्व करना है। इस परीक्षा में तार्किक प्रश्नों से बच्चे चुनौती को समझते हैं आने वाले प्रतियोगी परीक्षा के लिए बचपन से ही प्रश्नों के गूढ़ अर्थ को समझते हैं। इस प्रकार यह भविष्य के लिए एक सफल नागरिक बनने की तैयारी करते हैं। शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। केंद्र शासन एवं राज्य शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में सफल होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जय प्रकाश करमाकर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू एवं साथ ही साथ सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अदेशकुमार उईके, नारायण ठाकुर के द्वारा सफल हुए समस्त 57 बच्चों को विकासखंड कार्यालय और विकास स्त्रोत कार्यालय के ओर से बहुत-बहुत बधाई प्रेषित किया गया। साथ ही साथ संबंधित प्रधान पाठक शिक्षक एवं संकुल समन्वयक जिन्होंने बहुत ही तल्लीनता पूर्वक लगातार एक ग्रुप के माध्यम से इन बच्चों को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराते हुए लगातार टेस्ट का आयोजन किया। यह टीम वर्क का ही परिणाम है। ग्रुप के मुख्य संचालन करता सुरेंद्र पटेल ने बताया कि इस सत्र में गर्मी की छुटटी से ही 100 शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया गया था। जिसमें बच्चों को ऑनलाइन टेस्ट एवं तैयारी के लिए जरूरी पदार्थ दिए जाते थे। ऑफलाइन भी मॉक टेस्ट लिया गया। परीक्षा के लिए ग्रुप का संचालन सुरेंद्र पटेल, संकुल समन्वयक बारगांव, ओम प्रकाश साहू संकुल समन्वयक देवरी, केवरा सेन शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका राजेश यादव प्रधान पाठक एवं समस्त संकुल समन्वयक तथा शिक्षकों के माध्यम से के माध्यम से संपन्न हो रहा था। इनके द्वारा लगातार बच्चों को एक ग्रुप के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराए जाते थे। उन प्रश्नों का उत्तर बच्चे दिया करते थे। और लगातार वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों को देते हुए बच्चों की बुद्धि लब्धि और उनकी तार्किक क्षमता को बढ़ाने के लिए लगातार इनके द्वारा मोटिवेशन किया जाता था। बीते वर्षों में भी लगभग 55 बच्चों का चयन विकासखंड बेरला से हुआ था। एवं इनके माध्यम से इनको उस आयाम तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। जिसकी बदौलत यह बच्चे सफल होते हुए। प्रमुख रूप से बारगांव स्कूल से 6, देवरी से 6, आनंदगांव संकुल से 4, कुसमी से 4, बच्चे का चयन हुए हैं। इसी कंडरका 4, सांकरा से 4, इस प्रकार कुल बेरला से 31 स्कूल के 57 बच्चे चयनित हुए है। शिक्षकों और पालकों में परिणाम और जिले को मिली सीट को लेकर गहरी नाराजगी है। जो परिणाम प्राप्त हो रहे हैं उसमें शिक्षकों की कक्षा से बाहर मेहनत करने से प्राप्त हुआ है इसके लिए शिक्षक पलकों के साथ बैठकर ऑनलाइन के लिए बच्चों को तैयार करते हैं ग्रामीण क्षेत्र में कई तरह की आसुविधाओं का सामना करते हैं लेकिन जिस तरह से जिलेवार सीटों का बंटन हुआ है और जो मेरिट सूची बनाई गई है उसमें बहुत अस्पष्टता दिखाई दे रही है सरगुजा, कांकेर, बलौदा बाजार, दुर्ग जैसे जिलों को देखकर लगता है कि उनके लिए वरदान साबित हुआ है। सीटों का बंटन का आधार पालक और शिक्षकों को पता चलना चाहिए। इस बार हमारे जिले में बच्चों का अंक चयन में 20 से 25 अंक तक उछाल हुआ है। नहीं तो 100 से अधिक बच्चे उत्तीर्ण होते। मेहनत के अनुरूप सीट नहीं मिलने और बच्चों के पास नहीं होने से निराशा हुई है। बेमेतरा जिले के साथ अन्याय हुआ है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बेमेतरा के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को पत्र लिखा गया है और इस समस्या को दूर कर स्पष्ट करने की अनुग्रह की गई है कि जिलों को किस आधार पर कितने सीट दी गई है जिन जिलों में बच्चे नहीं है उनकी सीट को किस जिले को किस आधार पर बंटित किया गया है यह जानने का अधिकार शिक्षकों को भी है और पालकों को भी है। पिछले वर्ष से अलग ही तरह का मेरिट लिस्ट तैयार किया गया है जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है इसे और स्पष्ट करने की आवश्यकता है। तभी शिक्षकों में आगे कार्य करने की उच्च उत्सुकता को बरकरार रखा जा सकता है।

# स्वैच्छिक समर कैंप में बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अनेक हुनर भी सिखा रही शिक्षिका

## हर साल स्वयं के खर्च से घर पर नि:शुल्क समर कैंप लगाती है, गांव के बच्चे होते है शामिल

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका ममता जायसवाल घर पर ही स्वैच्छिक समर कैंप चला रही है। जहाँ बच्चों को निशुल्क बुनियादी शिक्षा के साथ साथ विभिन्न हुनर भी सीखा रही है । समर कैंप में बच्चों को रचनात्मकता और जीवन कौशल को विकसित कर अपनी प्रतिभा निखारने का अच्छा अवसर मिल रहा है । हर साल बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और उपयोगी बनाने के लिये स्वयं के खर्चे से घर पर ही समर कैंप लगाकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढ़ाकर हुनर कौशल सिखाकर बच्चों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षिका ममता जायसवाल लगी हुई है। गर्मी में बच्चों के लिये उचित व्यवस्था कर प्रतिदिन नाश्ता भी कराती है। ममता जायसवाल ने बताया कि कोरोनो काल में जब स्कूल बंद हो गए थे तब उनकी शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए दो चार बच्चों को घर पर ही पढ़ाना शुरु की लेकिन कोरोना के कड़े नियमों एवं संयुक्त परिवार में रहने के कारण परेशानी होती थी फिर भी पढ़ाई।

फिर मोहल्ला क्लास में शिक्षा जारी रही। कोरोना के बाद बच्चों की पढ़ाई एवं रचनात्मक कार्यो में रूचि देखकर हर साल गर्मी की छुट्टी में घर पर ही समर कैंप लगाती हूं। जिसमे शासकीय स्कूल के साथ अन्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे शामिल होते है। मेरा मकसद कमजोर वर्ग के ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े बच्चों को समर कैंप के माध्यम से सिखाना और उनका कौशल विकास करना है। शहरों में पैसे खर्च कर बच्चे शामिल होते है। ग्रामीण बच्चें पैसे के आभाव में समर कैंप में नही जा पाते इसलिए शहरों के तर्ज पर ग्रामीण बच्चों को उचित माहौल और प्लेटफार्म देकर उनमें छुपी प्रतिभा को सामने लाना है। प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार गतिविधियां करायी जाती है। जिससे बच्चों में क्रिएटिव गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। शैक्षिक गतिविधियों में विज्ञान और गणित को शामिल कर उनकी समस्याओं को समझ कर उन्हें बताया जाता है। समर कैंप में आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, चित्रकला, पेपर कार्ड से एक्टिविटी, कबाड़ से जुगाड़ के तहत अनेक निर्माण, रंगोली, मेहंदी, कहानी लेखन, डांस, खेल खेल में पढ़ाई, सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का ज्ञान और हुनर विकसित किया जा रहा है।

### समर कैंप से बच्चों का जुड़ाव

शिक्षिका ममता जायसवाल ने बताया कि बच्चों को जब उनके रूचि के अनुसार नई चीजे सीखने को मिलती है और बेहतर प्रदर्शन से प्रोत्साहन मिलता है तो वे मोटिवेट होकर और अधिक आत्मविश्वास से जुड़ता है। प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप पुरुस्कार दिया जाता है जिससे उनका हौसला बढ़ता है और फिर अपनी पूरी ऊर्जा के साथ जुड़ता जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों में इतनी उत्सुकता रहती है कि वे सुबह 7 बजे ही आ जाते है और दोपहर 2 बजे तक समर कैम्प में पढ़ाई के साथ साथ गतिविधियां करते है।

### समर कैंप में उत्कृष्ट कार्य के लिये कलेक्टर ने ममता को किया था सम्मानित

पिछले साल जिले में समर कैंप में उत्कृष्ट कार्य के लिए तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा ममता जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके कार्यो की सराहना की थी। इसके अलावा ब्लॉक में बीईओ एम डी दीवान एवं बीआरसी हिरेंद्र बेहार द्वारा भी मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया था।

# टीएल मीटिंग में कलेक्टर तोपनो की नाराजगी लगाई विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



समय सीमा की बैठक में शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली एवं सुस्ती से काफी नाराज नजर आए,उन्होंने बैठक प्रारंभ होते ही जहां विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, तो वहीं शक्ति जिले में पानी को लेकर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण निष्ठा और लगन से कार्य करें और अपने कार्यों में प्रगति लाएं। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से समीक्षा किया तथा बचे हुए शेष आवेदनों को सुशासन तिहार के समाप्ति होने से पहले जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है।समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग से पौधों की उपलब्धता की जानकारी ली तथा उद्यानिकी विभाग को आगामी समय में पौधरोपण के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की विस्तार से समीक्षा एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए तेजी से और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक यांत्रिकी विभाग से कहा कि जहां जहां पानी का सोर्स बहुत नीचे चला गया है उस जगह को चिन्हांकित करने तथा पानी की समस्या ना हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# गांजा तस्करी मे शामिल सीएएफ का आरक्षक गिरफ्तार, पुलिस महानिरीक्षक दीपककुमार झा के निर्देश पर हुई कार्यवाही

## गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी पहले ही हो चुका है गिरफ्तार, खड़गवां पुलिस ने सीएएफके आरक्षक को राजनांदगांव से पकड़ा

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में संलिप्त सीएएफ आरक्षक को पुलिस ने राजनांदगांव से हिरासत में ले लिया है। गांजे की बिक्री में शामिल एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

आरोपी के बयान के आधार पर ही पुलिस पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के निर्देश पर आरोपी आरक्षक की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वांडेगावकर और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के द्वारा क्षेत्र मे अवैध कार्यो पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने एवं नशा विरोधी अभियान चलाये जाने की दिशा निर्देश के परिपालन मे 28.अप्रैल 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी की सुलेश कुमार पिता रंग बहादुर सिंह जाति गोंड़ उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करीलधोवा सलबा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा एक काले रंग की मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी.जी. 16 सी.आर. 2139 मे गांजा रखकर गांजा बेचने के लिये बंजारीडांड़ तरफ से खड़गवां चिरमिरी की ओर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर स्टॉफ के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी के मोटरसाइकिल की डिक्की से 2 किलो 195 ग्राम कीमत लगभग 30 हजार रुपये को आरोपी के कब्जे से जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध थाना खड़गवा के अपराध क्रमांक 93/2025 धारा 20 (बी), 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रकरण मे 28 अप्रैल 2025 को आरोपी सुलेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेज दिया गया था। आरोपी से पुछताछ करने पर उसने अपने बयान मे 8वीं बटालियन पेन्ड्री राजनांदगांव मे तैनात आरक्षक क्र. 905 जवान बुंदेलाल से मोबाईल फोन से बातचीत होना और गांजा की बिक्री में आरक्षक की संलिप्तता होना बताने पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरक्षक की सूक्ष्मता से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश पर पूर्व मे गिरफ्तार आरोपी सुलेश कुमार एवं बुंदेलाल के मोबाईल फोन का काल डिटेल सायबर सेल से प्राप्त किया गया। कॉल डिटेल मे आरोपी सुलेश कुमार एवं बुंदेलाल की लगातार बातचीत एवं संलिप्तता होना और घटना दिनांक 28 अप्रैल 2025 को भी एक दूसरे से बात करना पाये जाने पर 08वीं बटालियन पेन्ड्री राजनांदगांव से आरोपी आरक्षक बुंदेलाल को हिरासत मे लेकर थाना खड़गवां लाकर पुछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार करते हुये अपने बयान में बताया की उसके द्वारा महासमुन्द और उडीसा बार्डर के किसी अन्य व्यक्ति से जान पहचान होने पर गांजा मंगाकर बिक्री करवाता था। पिछ्ले महीने अपने मोबाईल फोन से उसके पास फोन कर ग्राम करीलधोवा बैकुण्ठपुर के रहने वाले सुलेश कुमार के लिये 2 किलो गांजा मंगवा कर उसे बेचने के लिये दिया था तथा किसी एक अन्य व्यक्ति और सुलेश के माध्यम से लगातार गांजे की बिक्री करवाना बताया तथा गांजा खरीद बिक्री की रकम फोन पे के माध्यम से अपने एकाउंट मे लेना तथा पूर्व मे भी महासमुंद जिले मे 09 किलोग्राम गांजा के सांथ मे पकड़े जाने पर चालान होना बताया। मेमोरेण्डम कथन के बाद आरोपी बुंदेलाल का विवो कम्पनी का मोबाईल फोन सिम के साथ बरामद कर बुंदेलाल के द्वारा फोन पे के माध्यम से किसी एक अन्य व्यक्ति से लगातार लेन देन करना पाये जाने से मोबाईल फोन जप्त कर लिया गया।

आरोपी का कृत्य धारा 20 बी. 29 एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि नईम खान, आरक्षक मो. आजाद, सोनल पांण्डेय एवं सैनिक प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की अड़भार के विकास देवांगन ने



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार के निवासी विकास कुमार देवांगन पिता शत्रुघ्न लाल देवांगन ने अड़भार तहसीलदार, एसडीएम शक्ति एवं कलेक्टर शक्ति को पत्र प्रेषित कर बताया है कि नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 15 हरदी में मेरे पिता शत्रुघ्न लाल देवांगन के नाम पर खसरा नंबर 284/4 भूमि स्थित है, एवं उसे लगकर शासकीय भूमि है, जिस पर हरदी के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर तत्काल कार्रवाई करने की कृपा करें, विकास कुमार देवांगन द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने 14 मई 2025 को संबंधित व्यक्ति को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें संबंधित जमीन पर किए जा रहे हैं कब्जे से संबंधित दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बालाजी नगर में रोड-नाली की मांग, पार्षद दल एवं कर्मचारियों के टीम ने किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता कुरूद
www.dailypioneer.com

हमारे कुरूद के बालाजी नगर में रहने वाले निवासियों द्वारा वर्षो से लंबित मुलभुत कार्य रोड-नाली मांगों को लेकर लगातार निवेदन को स्वीकार कर हमारे नगर पंचायत के पार्षद दल एवं कर्मचारियों के टीम के साथ निरीक्षण किया, निरीक्षण पश्चात अध्यक्ष महोदया के निर्देशानुसार कालोनी के कालोनाइजर को नोटिस देने निर्देशित किये हैं और कहा गया कि एक सप्ताह के भीतर ज़रूरी दस्तावेज लेकर उपलब्ध हों, नहीं तो बंधक प्लाट को नीलामी प्रकिया कर बालाजी नगर के रहवासियों के लिए रोड नाली बनाया जायेगा, कुरूद के निवासियों के लिए मुलभुत सुविधा बर्दाश्त नहीं होगी, जल्द ही इस कालोनी में विकास कार्य शुरू किया जायेगा, ऐसे हमारे नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किये है! इस अवसर पर निरीक्षण टीम मे विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापतियों में मिथलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं, जनदर्शन में कुल 19 आवेदन हुए प्राप्त

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में लग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में आज तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम आमाकोनी के समस्त ग्रामवासी छिरीडीह द्वारा आमाकोनी पीएम आवास की मजदूरी राशि गबन करने के संबंध में, ग्राम लवसरा निवासी संजय कुमार कुर्रे ने किसान सम्मान निधि त्रुटि सुधार राशि प्रदान करने हेतु संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम आडिल निवासी भोगी लाल, भिखारी लाल, योगेश कुमार, दुलारी ने खाता विभाजन करने हेतु आवेदन पत्र के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम बेलादुला निवासी सत्यनारायण साहू ने बिजली खंभा गिरने के कारण छतिपूर्ति राशि दिलाने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम दर्राभाठा निवासी सुजिता बाई सिदार ने रहने हेतु मकान निर्माण करने के लिए भूमि एवं आवास प्रदान करने के संबंध मे, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम दर्राभाठा आडिल निवासी योगेश कुमार ने नामांकन पश्चात आपसी सहमति से खाता विभाजन हेतु आवेदन करने के संबंध में, विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया द्य उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

# अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सक्ती में आयोजित की गई नारी सशक्तिकरण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में नारी जागरण के अंतर्गत नारी जागरण कार्यशाला संपन्न किया गया. अत्यंत हर्ष की बात है कि 2026 में वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण प्रांत के सौजन्य से 18 मई 2025, रविवार को गायत्री शक्तिपीठ सक्ती में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें नारी सशक्तिकरण और गुरुदेव के सपनों को पूरा करने के लिए बहनों ने संकल्प लिया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय प्रशिक्षिका रुक्मणी बंछोर और ऋतम्भरा कश्यप की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बहनों ने व्यसन मुक्ति, कन्या कौशल शिविर, बाल संस्कार शाला, किशोर संस्कार शाला, युवा जागरण शिविर, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, पर्यावरण संरक्षण, मंत्र लेखन, विद्या आरम्भ संस्कार, व अन्य संस्कार, वृक्षारोपण, और नारी जागरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने का संकल्प लिया।इस आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राजकुमार पटेल, हीरानन्द साहू, भगत साहू, महेश साहू, विनय साहू, अरविंद साहू, शक्तिराज गुप्ता, विद्या साहू, झरना साहू, विमला साहू, सरस्वती साहू, निर्मला शर्मा, रजनी बरेठ, रिता पटेल, उषा साहू, सावित्री साहू, उत्तरा चंद्रा, एवं बम्हनिंडीह ब्लॉक से संतोषी कर्ष व साथी, तथा हिन्दू विश्व संगठन से रूपेंद्र गबेल शामिल हुए तथा महिला मंडल और युवा मंडल का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।यह आयोजन निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख नेहा गुप्ता के द्वारा किया गया, एवं अंत में शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कलेक्टर की सभी विभागों को सख्ती, पेंडिंग कार्यों की समीक्षा के साथ समयबद्ध निराकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण करने हेतु चल रहे समाधान शिविर की समीक्षा की। इस दौरान सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभों को एक साथ महिला बाल विकास विभाग के अन्नप्राशन एवं गोदभराई रस्म के दौरान प्रदान करने को कहा गया। वहीं, समाधान शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों से हितग्राहियों के साथ अच्छे फोटो कराने के लिए कहा गया और शिविर में अच्छे स्पीकर रखने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं, समाधान शिविर के दौरान आए मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक को मंच के दोनों ओर गनमैन रखने के लिए कहा गया। इसके साथ ही शिविर में आए जनप्रतिनिधियों के लिए अच्छे भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने पुराने पेंडिंग कार्य, डीएमएफ द्वारा स्वीकृत पुराने और नए कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मनेंद्रगढ़ की जोशी और रिकी कैंटीन को टेंडर नहीं देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व निरीक्षक मंडलों में नामांतरण, बटवारा, किसान किताब (ऋण पुस्तिका) हेतु आवश्यकता अनुसार आबंटन मंगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व सर्कलों में पटवारी कार्यालय सह आवास हेतु सूची बनाने के निर्देश दिए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ई-कोर्ट क्रमांक/202505200900026
अ-2/2024-25
ग्राम-कोण्डागांव, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरादूराम मंडावी पिता घड़वाराम मण्डावी, जाति मुरिया, निवासी भण्डारसिवनी, तहसील फरसगाँव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 626/84/घ रकबा 0.0400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 05/06/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
कोण्डागांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

ई-कोर्ट क्रमांक/202505200900025
अ-2/2024-25
ग्राम-कोण्डागांव, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुलोचना नाग पति प्रदीप कुमार नाग, जाति हल्बा, निवासी जामकोट पारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 626/33/क रकबा 0.0400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 05/06/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
कोण्डागांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तह भंवरपुर, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/187/क/वा-1/तह./2025
भंवरपुर दिनांक 14/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिगम्बर पिता/पति फुदुलाल निवासी ग्राम/नगर लम्बर तहसील बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक/आवेदिका अपने माता फुलटोरी का दिनांक 24/12/2018 को स्थान लम्बर में मृत्यु हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में माता फुलटोरी के मृत्यु की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 29/05/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
भंवरपुर

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकाराम बारिक पिता दुखितराम बारिक जाति सतनामी निवासी ग्राम भीखापाली तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पुत्र छबिलाल बारिक का मृत्यु दिनांक 23/01/2025 को ग्राम भीखापाली में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में पुत्र / पुत्री के मृत्यु छबिलाल बारिक घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 23/05/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
सरायपाली

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)**
Email ID:- ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 2756/ NIT-4/ 2025-26/ व.ले.लि. दिनांक 05/05/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 04/06/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 4 T0010 | धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 **प्रथम आमंत्रण** | 10.00 7500.00 300000.00 |
| 4 T0011 | धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 **प्रथम आमंत्रण** | 10.00 7500.00 300000.00 |
| 4 T0012 | नगरी अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामाग्री प्रदाय कार्य 2025-26 **प्रथम आमंत्रण** | 5.00 5000.00 25000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 ।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है।
3. एनआईटी क्र. T0010, T0011, T0012 समयावधि दिनांक 31/12/2025 तक ।
4. टीप EMD के साथ क्लास CD हेतु अनेक्जर 2,3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्त विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में सभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

G-252600980/1

# भाटापारा नगरवासियों को टोहडीघाट से मिलने वाले पानी का होगा बटवारा

## समरिया एनीकेट से बेमेतरा जिले के 80 करोड़ के लागत से पानी सप्लाई हेतु इंटेकवेल का निर्माण





पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन के अंतर्गत समरिया घाट एनीकेट से लगे नदी के पास 80 करोड़ रुपये के लागत से पानी सप्लाई हेतु इंटेकवेल बनाया जा रहा है जो कि हैदराबाद कि कावेरी इन्टरप्राइजेज कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### पानी के विभाजन से टोहडीघाट से भाटापारा नगर को होने वाले पानी सप्लाई हो सकता है प्रभावित

गौरतलब है कि समरिया घाट से टोहडीघाट घाट तक अभी तक कोई इंटेकवेल नही लगा था जिसके कारण भाटापारा नगरवासियों को बमुश्किल रुप से पानी कि सप्लाई हो रहा था और इन्हीं बातों को ध्यान मे रखते हुये एनीकेट का भी निर्माण किया गया था परंतु उसी परिक्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा जिला के लिये केन्द्र शासन के जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रहे इंटकवेल से समरिया घाट से लेकर टोहडीघाट के पानी का बटवारा होना निश्चित है। जिसका प्रभाव भाटापारा नगरवासियों को भीष्म गर्मी के समय नदी पानी के अभाव होने पर दिख सकता है।

### इंटेकवेल निर्माण कार्य बेमेतरा जिले के लिये

गौरतलब है कि समरिया घाट से लगे एनीकेट से बेमेतरा जिले के अनेक विकासखण्ड को पानी कि सप्लाई होगा जो कि अनुमात 72 से अधिक गाँव के लिये हो सकता है। साथ ही जानकारी लेने पर पता चला है कि समरिया घाट से लगे आधे किलोमीटर से आगे मुंगेली जिला के लिये भी पानी सप्लाई हेतु इंटेकवेल बनाया जाना निर्धारित है जो कि बहुत जल्द प्रारंभ हो जायेगा।

केन्द्र शासन के जल जीवन मिशन के अंतर्गत समरिया घाट से लगे अमलीडह ग्राम से 80 करोड़ के लागत से पानी सप्लाई हेतु इंटेकवेल का निर्माण किया जा रहा है जो अक्टूबर माह से प्रारंभ हुआ है जो कि बेमेतरा जिले के लगभग 72 से अधिक गांव को सप्लाई किया जायेगा।
संतोष नायक
**एकजुकेटिव इंजीनियर पी.एच.ई. विभाग जिला बेमेतरा**

समरिया घाट एनीकेट के पास बेमेतरा जिला के लियें नया इंटकवेल बनाये जाने कि जानकारी आप लोगों से मिली है समरिया घाट से लेकर टोहडीघाट का पानी भाटापारा के लिये आरक्षित है जो बमुश्किल नगरवासियों के लियें सप्लाई होती है। एक ही स्थान से अन्य जिले के लिये पानी सप्लाई होने पर नगर के लिये नदी पानी कि समस्या खडी हो सकती है आगे के लिये विस्तृत जानकारी लिया जायेगा।
**अश्वनी शर्मा**
**भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष**

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रायपुर में डेढ़ हजार से अधिक महिलाओं ने उत्साह से निकाली तिरंगा यात्रा

## महापौर मीनल चौबे, महिला पार्षदों ने तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर उत्साह से लिया भाग

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





राजधानी शहर रायपुर की महिलाओं ने देशवासियों के गौरव एवं राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का प्रतीक बने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफ्लता पर राजधानी शहर में नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन से गांधी मैदान एवं सिटी कोतवाली महावीर चौक होकर मालवीय रोड होते हुए जय स्तंभ चौक तक लगभग डेढ हजार से अधिक की संख्या में महिलाओं ने राष्ट्र भक्ति का परिचय देते हुए राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे संयुक्त नगर निगम की महिला पार्षदों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर दुश्मन देश के सौ से अधिक आतंकवादियों का सफाया किया। उनके 9 आतंकी ठिकानो का सफाया करने की अदभुत सफलता देश के लिए अर्जित की। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के अभियान की शानदार सफलता से कृत्य होकर राजधानी की महिलाओं ने उत्साह के साथ शहर के मुख्य मार्गो में तिरंगा यात्रा हाथ में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए निकाली एवं सेना की शानदार सफलता से अभिभूत होकर महिलाओं ने आपस में सिंदूर खेला। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर महापौर मीनल चौबे सहित महिला पार्षदों ने उत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता दर्ज करवायी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर में मिली शानदार सफलता पर राजधानी के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर एकत्र होकर हार्दिक धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान रायपुर नगर निगम के पूर्व एमआईसी सदस्य एवं रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मंत्री प्रवास के दौरान पीडब्ल्यूडी की लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत कठौतिया में आयोजित समाधान शिविर में छत्तीसगढ़ शासन के दो कैबिनेट मंत्री, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, साथ ही विधायक रेणुका सिंह की उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय जिम्मेदार अधिकारी का अनुपस्थित रहना अव्यवस्था का कारण बना, जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की कंडिका 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्यपालन अभियंता को 2 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय सीमा में उत्तर प्राप्त नहीं होने अथवा असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की जाएगी। इस कार्रवाई की प्रतिलिपि लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं मुख्य अभियंता को प्रेषित की गई है। प्रशासन का कहना है कि सुशासन तिहार जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में एबीसी/एनएडी पोर्टल पर छात्रों के क्रेडिट डेटा अपलोड करने पर हुआ कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






डिजी लॉकर, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। डिजी लॉकर का उद्देश्य नागरिकों के डिजिटल दस्तावेज़ वॉलेट में प्रामाणिक डिजिटल दस्तावेज़ों तक पहुँच प्रदान करके नागरिकों का 'डिजिटल सशक्तिकरण' करना है। एपीएएआर आईडी डिजिलॉकर के लिए एक लिंक के रूप में कार्य करती है, जो एक ऑनलाइन संग्रह है, जहां छात्र परीक्षा परिणाम जैसे आवश्यक दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करते हैं। एपीएएआर आईडी के माध्यम से अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) से जुड़ा यह संस्थान राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी के माध्यम से संस्थानों से शैक्षणिक क्रेडिट प्राप्त करता है। इससे प्रवेश या नौकरी के आवेदनों के लिए प्रमाणीकरण आसान हो जाता है, तथा शैक्षणिक अभिलेखों का सत्यापन सरल हो जाता है। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार ने कलिंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से 21-05-2025 को कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों और स्वायत्त कॉलेजों के लिए अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) पर डेटा अपलोड करने पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन इस कार्यक्रम में राज्य भर से शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने स्वागत भाषण दिया। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जी. ए. घनश्याम ने कार्यशाला का अवलोकन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की अवर सचिव नीरा चोपड़ा ने भी सभा को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के राज्य समन्वयक रोहित सिंह और डिजिलॉकर-एनएडी और एबीसी पहल के लिए तकनीकी सहायता विशेषज्ञ, सहायक प्रबंधक पूनम सिंह ने तकनीकी सत्र लिये। सत्र का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को डिजिलॉकर-एनएडी पोर्टल पर अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) का विवरण भरने के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान छात्रों और उच्च शिक्षण संस्थानों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई। दोहरी विशेषज्ञता और अन्य मामलों के साथ प्रविष्टियाँ कैसे भरी जाएं, इस पर प्रतिभागियों की शंकाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए पोर्टल में संशोधन और विकल्प जोड़ने से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह की संचालक वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. निष्ठा शर्मा थीं। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र कल्याण एवं प्रशासन विभाग के डीन की टीम द्वारा बहुत अच्छे ढंग से किया गया।

# श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी और डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के बीच एमओयू हुआ



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी), रायपुर और डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थाएं शिक्षा, चिकित्सा, नवाचार और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक दुसरे का सहयोग करेंगी। इस समझौते का मुख्य उददेश्य लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है, ताकि वे हमारी प्राचीन भारतीय चिकित्सा प्रणाली पर विश्वास स्थापित कर सकें और उसका लाभ उठा सकें। डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अभिमन्यु साहू ने जानकारी दी कि इस सहयोग के तहत एसएसआईपीएमटी के समस्त स्टाफ को चिकित्सा सुविधा में विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही, हॉस्पिटल परिसर में हेल्थ अवेयरनेस कैंप, योग शिविर एवं आयुर्वेद परामर्श शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। डॉ. साहू ने आगे बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली में कई जटिल रोगों जैसे कि गृध्रसी (साइटिका), पक्षाघात (पैरालिसिस), बवासीर (पाइल्स) एवं वर्तमान परिदृश्य में व्यवसायिक/प्रदूषण संबंधी बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज संभव है। इस पहल से लोगों को आयुर्वेद पद्धति से उपचार करने की प्रेरणा भी मिलेगी, जिससे वे प्राकृतिक और दुष्प्रभावरहित चिकित्सा की ओर अग्रसर हो सकेंगे। (एसएसआईपीएमटी), की ओर से चेयरमैन निशांत त्रिपाठी और हॉस्पिटल की ओर से निदेशक डॉ. अभिमन्यु साहू ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने इस समझौते को तकनीकी शिक्षा और पारंपरिक चिकित्सा के समन्वय का एक नया अध्याय बताया, जो न केवल छात्रों के लिए बल्कि समाज के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# नगर पालिका परिषद कुम्हारी सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



कुम्हारी। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण जनहितकारी योजना नगर पालिका सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण का समाधान शिविर आयोजन कर्मा भवन वार्ड कं. 24, जंजगिरी में किया गया। जिसके तहत् प्रथम चरण में वार्ड कं. 17, 19, 23 एवं 24 तक कुल 286 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से आवेदनों की जानकारी विभागीय अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा मंच के माध्यम से दिया गया। सुशासन तिहार 2025 में हितग्राही मूलक संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिसके तहत् वार्ड कमांक वार्ड क्रं. 17, 19, 23 एवं 24 तक राशन कार्ड हेतु आवेदन किये गये पात्र हित ग्राही 06 का राशन कार्ड शिविर में वितरण किया गया, साथ ही 22 आधार कार्ड, 6 आयुष्मान कार्ड, 84 लर्निंग (ड्रायविंग) लायसेंस एवं 75 नागरिकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से मीना वर्मा, अध्यक्ष, पार्षदगण अश्वनी कुमार देशलहरे, उमाकांत साहू, डीकेश पटेल, ओंकार प्रसाद मारकण्डे, लोकेश कुमार साहू, ममता साहू, लता पूनेश साहू, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, नोडल अधिकारी अतुल कुमार सिंह, उप अभियंता, साधना अहिरवार, हरिकिशन पावरिया, सहायक ग्रेड-02 एवं विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।

# फ्रिज का कंप्रेसर फटने से मकान में लगी आग,करोड़ों का सामान जलकर खाक, बाल बाल बचे घर के लोग

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शहर के गौरव पथ स्थित एक मकान में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आगजनी की वजह से घर में रखा करोड़ों का सामान जलकर खाक हो गया है। फायर स्टेशन शहर से दूर होने की वजह से दमकल की गाड़ी भी देर से पहुंची जब तक घर का सामान जलकर खाक हो चुका था। जानकारी के मुताबिक शहर के बाजपेई नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रोहित बाजपेई के निवास पर सुबह फ्रिज का कोप्रेसर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने के बाद घर में मौजूद 10 सदस्य जिनमें चार बच्चे भी थे। सभी ने घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई है। घर पर सो रहे सदस्यों को आग लगने का एहसास हुआ तो उठकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग ज्यादा फैलने की वजह से नहीं बुझा पाए। मकान के ग्राउंड फ्लोर में स्थित किचन से आग फैली व फर्स्ट फ्लोर तक जा फैली देखते देखते आग पूरे घर पर लग गई आस-पास के लोग समय में पहुंचकर आग बुझाने का काम किया अंबुजा सीमेंट एवं इमामी की अग्नि फायर ब्रिगेड समय पहुंचकर आग काबू में पाया।

# पीएनबी एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम मई-2025 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर के समन्वय से मध्य कॉर्पोरेट केंद्र (एमसीसी-1) का रायपुर में एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम मई -2025 का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उदघाटन छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश पांडे एवं पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय रायपुर के महाप्रबंधक/अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, रायपुर के मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा, एवं पंजाब नैशनल बैंक के अन्य गणमान्य अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुकेश पांडे ने कहा कि पीएनबी की ओर से यह एक अच्छी पहल है जहाँ एक ही छत के नीचे रायपुर के उद्यमियों को इतनी सारी ऋण सुविधाओं के साथ अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण और व्यापार वृद्धि में तेजी लाने के लिए सरकार समर्थित योजनाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस आयोजन की अत्यंत सराहना की और कहा कि पीएनबी जैसे बड़े बैंक को उस प्रकार के आयोजन करते रहने चाहिए। आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अनुकूलित वित्तीय समाधान, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और त्वरित वितरण के साथ समर्थन और सशक्त बनाना है। एक दिवसीय कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमी, वित्तीय विशेषज्ञ एक साथ आएंगे, तथा उन्हें अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण जैसी अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान कराना है। उपस्थित ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र, पीएनबी बैंकिंग विशेषज्ञों के साथ आमने-सामने परामर्श और प्रमुख उद्योग हितधारकों के साथ नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पात्र ग्राहक पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस, पीएनबी ट्रेड ग्रोथ आदि जैसी नकदी प्रवाह आधारित योजनाओं में सैद्धांतिक मंजूरी भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम स्थल पर समर्पित डिजिटल टैब उपस्थित लोगों को तुरंत डिजी एमएसएमई ऋण तक पहुंचने में सक्षम करेगा, जिससे स्वीकृति प्रक्रिया तेज और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। इस दौरान पीएनबी एमसीसी-1 रायपुर कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक दीपक कुमार वर्मा ने कहा कि पीएनबी का उददेश्य रायपुर के उद्यमियों को अपने व्यसाय हेतु विशेष एमएमएमई ऋण उत्पादों और योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है साथ ही पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस, और पीएनबी ट्रेड ग्रोथ जैसी एमएसएमई ऋण योजनाओं के लिए तुरंत स्वीकृति पत्र प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में व्यापारियों को 10 लाख से 100 करोड़ तक का लोन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक कई तरह की एमएसएमई ऋण योजना प्रदान करता है। इनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, बुनकर मुद्रा योजना, और एमएसएमई प्राइम प्लस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल के समय में 15 फरवरी को पीएनबी द्वारा देशभर में अयोजित किये गये एमएसएमई एक्सपो 2025 की सफलता के बाद, पंजाब नेशनल बैंक एमएसएमई क्षेत्र में इस पहल को आगे बढ़ाते हुए अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम उद्यमियों को वित्तीय समाधानों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करके व्यवसाय विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



पंजाब नैशनल बैंक, मिड कॉर्पोरेट सेंटर-2, रायपुर द्वारा सिविल लाइन्स रायपुर स्थित एमसीसी-2 के कार्यालय में एक विशेष एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उदघाटन हरिश पटेल, प्रमोटर एवं डायरेक्टर, मेसर्स शिव रियल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक अंचल प्रबंधक, रायपुर आशीष चतुर्वेदी और मंडल प्रमुख, रायपुर वीरेंद्र कुमार शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में हरिश पटेल ने कहा कि पीएनबी की यह पहल रायपुर के उद्यमियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी, क्योंकि यहां उन्हें एक ही छत के नीचे विभिन्न ऋण सुविधाएं, अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण और व्यापार वृद्धि के लिए सरकारी योजनाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है। वीरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अनुकूलित वित्तीय समाधान, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और त्वरित वितरण के साथ समर्थन और सशक्त बनाना है। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए यह भी कहा कि पीएनबी के पास ग्राहकों के व्यापार की आवश्यकताओं के हिसाब से हर प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पीएनबी से जुड़कर इन सुविधाओं का लाभ उठाएं। पीएनबी अंचल कार्यालय रायपुर के अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उददेश्य रायपुर के उद्यमियों को विशेष एमएसएमई ऋण उत्पादों और योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अहम हिस्सा है और हमारी जीडीपी में इसका महत्वपूर्ण योगदान है।

# 22 मई से 29 मई तक छत्तीसगढ़ में होगी वीर अहीर राष्ट्रीय रज कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा द्वारा भारत की सीमा लद्दाख के रेजांग ला में शहीद वीर अहीरो के रज कलश को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा 13 अप्रैल 2025 को बिहार के छपरा से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वपन कुमार घोष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शताब्दी समारोह चेयरमेन सत्य प्रकाश सिंह यादव एवं दिनेश यादव राष्ट्रीय रज कलश यात्रा संयोजक व पूर्वी जोन प्रभारी पीतांबर दास यादव के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई है। भारतीय सेना मे अहीर रेजिमेंट की मांग, भारत में जातिगत जनगणना एवं यादवो में सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक चेतना जागरण के उददेश्य से यादव वीरता अहीर सम्मान का प्रतीक अहीर वीरो के रक्त समाहित राष्ट्रीय रज कलश यात्रा 22 मई को झारखंड गुमला मे यात्रा प्रभारी राजेश यादव, जिला अध्यक्ष जगदीश यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव देवधारी यादव कलश यात्रा लेकर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। छत्तीसगढ़ 22 मई सायंकाल 4:00 बजे कलश यात्रा जशपुर पहुंचेगी जशपुर में स्वागत सम्मान रैली कार्यक्रम के पश्चात रात्रि विश्राम होगा। 23 मई जशपुर से रज कलश यात्रा कुनकुरी पहुंचेगी जहां पर पूजा अर्चना सम्मान के पश्चात दोपहर भोजन अवकाश व सायं 5:00 बजे पत्थलगांव पहुंचेगी जहां पूजा सम्मान स्वागत पश्चात रात्रि विश्राम पत्थलगांव में होगा। 24 मई सुबह 8:00 बजे पत्थलगांव से यात्रा प्रारंभ होकर 11:00 बजे धरमजयगढ़ पहुंचेगी जहां अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव यात्रा प्रदेश प्रभारी डी आर यादव सहित प्रदेश सचिव ममता यादव व छोटेलाल यादव द्वारा राष्ट्रीय रज कलश को लेकर सायं 4:00 बजे कोरबा पहुंचेंगे जहां पर स्वागत पूजा अर्चना सम्मान के पश्चात रात्रि विश्राम होगा। 25 मई को सुबह यात्रा कोरबा से प्रारंभ होकर जांजगीर चांपा जिला प्रस्थान करेगी। जांजगीर चांपा जिला प्रवेश पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष गिरधारी यादव के अगुवाई में कलश यात्रा प्रात 10:00 बजे से जांजगीर चांपा जिला भ्रमण होगा जहां जगह-जगह स्वागत सम्मान के पश्चात दोपहर 2:00 बजे सक्ति जिला अध्यक्ष संतोष यादव व ग्रामीण जिला अध्यक्ष छोटेलाल यादव को कलश सौपी जायेगी।

# लंजोड़ा में आयोजित समाधान शिविर में 271 आवेदन प्राप्त, 17 का मौके पर निराकरण

■ पंजीयन में 10 नये सुधारों के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रजिस्ट्री में लागू 10 नये जनोपयोगी सुधारों के सम्बन्ध में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारम्भ भारत माता एवं छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान पंजीयन विभाग में लागू 10 नये सुधारों की जानकारी देने का साथ ही व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पंजीयन में सरलीकरण हेतु 10 क्रांतिकारी एवं जानोपयोगी सुधार लागू किये हैं। रजिस्ट्री में इस नये सुधार से किसानों एवं भूमि स्वामी के शक्ति, समय एवं धन की बचत होगी। यह सुधार फर्जी रजिस्ट्री और भ्रष्टाचार नियंत्रण में प्रभावी साबित होगा। उन्होने कहा कि पहले रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पडता था लेकिन नये सुधार लागू होने से रजिस्ट्री होने के बाद स्वतः नामांतरण हो जाएगा। उन्होने कहा कि हमारी सरकार 15 महीने में अनेक जन हितैषी योजना लागू की है। राजस्व से सम्बधित कार्य सहजता से हो इसके लिए प्रयास कर रही है। अब राजस्व अभिलेख के त्रुटि सुधार का अधिकार तहसीलदार को दिया गया है जिससे जल्द काम हो रहा है। इसके साथ ही जिओ रेफरेंसिंग से सीमांकन का कम भी सहजता व बिना विवाद के होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि रजिस्ट्री में 10 नए सुधार लागू किया गया हैं जो जिले के 3 तहसील में शुरू हुआ है। इस नये सुधार से भूमि की खरीदी बिक्री के साथ रजिस्ट्री में सहूलियत होगी। नामांतरण के साथ बी 1 खसरा भी सुधर जाएगा। पहले रजिस्ट्री के लिए दो गवाहों की जरूरत होती थी लेकिन अब आधार से सत्यापन से होगी। किसी भी संपत्ति की जानकारी के लिए दास्तावेज एप्प से डाउनलोड कर सकते हैं। बताया गया कि 10 नये सुधारों में फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं सत्यापन, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान, व्हाट्सप्प सेवाएं, डीजी लॉकर सेवाएं, रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण, घर बैठे रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, कुसुम पैकरा, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भोला वर्मा, जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, अनुसचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष ने जोन 8 अध्यक्ष, पार्षद, कमिश्नर सहित वार्ड 2 में बीएसयूपी, अटल आवास, वाम्बे परिसरों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर ने नगर निगम जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद भगतराम हरवंश, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, उप अभियंता विक्रम सिंह ठाकुर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा, तेजेश पटेल की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के क्षेत्र के अंतर्गत बीएसयूपी, अटल आवास योजना, वाल्मीकि अम्बेडकर आवास योजना वाम्बे परिसर कबीर नगर क्षेत्र का सम्पूर्ण निरीक्षण कर वहाँ की मार्ग सफाई, नाली, नाला सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, उद्यान की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष ने इस सम्बन्ध में जनहित में व्यवस्था सुधारने के सम्बन्ध में नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर को स्थल पर आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर ने वार्ड के रहवासियों से चर्चा कर जनसमस्याओं की जानकारी ली और सभी जनसमस्याओं का जोन के माध्यम से जनहित में त्वरित निदान करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर ने जोन अधिकारियों को वार्डो में जनहित में सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सुधारने के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए फोकस होकर करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

## भावना बोहरा ने 81 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, कहा - ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ◄ पंडरिया
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कुल 80 लाख 91 हजार रुपये की लागत से होने वाले अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास एवं जनसुविधाओं का विस्तार भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है। विधायक भावना बोहरा ने ग्राम गोरखपुर कला में सामुदायिक भवन, सुरजपुरा में नाली, शौचालय एवं भवन, कोसमंदा में भवन, रणवीरपुर में व्यवसायिक परिसर, डोंगरिया और उड़िया खुर्द में सीसी रोड तथा नवघटा में भवन निर्माण जैसे कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारे देश की आत्मा गाँवों में बसती है। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज़ी से विकास हो रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी अधोसंरचना और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार की गारंटी के तहत सड़कों, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक बोहरा ने भरोसा दिलाया कि इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा रणवीरपुर मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का 34वीं पुण्यतिथि पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने किया सादर नमन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का उनकी 34 वीं पुण्यतिथि पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में राजधानी रायपुर शहर के (पुराना अग्निशमन कार्यालय चौक) राजीव गाँधी चौक स्थित प्रतिमा स्थल में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी को सादर नमन किया।

## सुशासन तिहार में प्राप्त जनशिकायत का सड़क पर निर्मित अवैध बाउंड्रीवाल को तोड़कर बंद सड़क मार्ग खुलवाकर किया त्वरित निदान



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त जन शिकायत का नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार उप अभियंता नगर निवेश विभाग अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के महावीर नगर में सड़क मार्ग पर कब्जा जमाकर बनाई गयी अवैध बाउंड्रीवाल को स्थल पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर बन्द किये गए सड़क मार्ग को खोलकर त्वरित निदान किया।

## कान्स के रेड कारपेट पर छत्तीसगढ़ की बेटी जूही व्यास ने दिया जलवायु संरक्षण का संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में इस बार ग्लैमर से हटकर एक गंभीर संदेश देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ की जूही व्यास ने रेड कारपेट पर 'जलती हुई पृथ्वी' को दर्शाती ड्रेस पहनकर जलवायु संकट की ओर दुनिया का ध्यान खींचा। वियतनामी डिज़ाइनर Nguyen Tien Trien द्वारा तैयार की गई यह ड्रेस तापमान वृद्धि और पर्यावरण असंतुलन का प्रतीक थी। जूही ने 'ग्रीनपीस इंडिया' और 'वॉइस ऑफ द प्लैनेट' अभियान के तहत भारत का प्रतिनिधित्व किया। जूही ने कहा, यह सिर्फ एक ड्रेस नहीं है, बल्कि उन लोगों की कहानी है जो चुपचाप जलवायु संकट झेल रहे हैं। एक मां होने के नाते, मुझे अगली पीढ़ी के लिए पृथ्वी की रक्षा करने की जिम्मेदारी और भी ज्यादा महसूस होती है। राष्ट्रीय निदेशक मोहिनी शर्मा के साथ उन्होंने समुद्री प्रदूषण, प्लास्टिक संकट और 'High Seas Treaty' जैसे मुददों को भी उठाया। एक छोटे से शहर से निकली यह आवाज़ आज भारत का नाम कान्स जैसे वैश्विक मंच पर गर्व से बुलंद कर रही है।

## 220 केवी उपकेंद्र भिलाई में 2 नए फीडर बे ऊर्जीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भिलाई खेदामारा 400 केवी अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र से 220 केवी में 2 फीडर बे को प्रबंध निदेशक पारेषण कंपनी आर.के. शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। पूर्व में 400 केवी खेदामारा से 220 केवी के लाइनों से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा अपने पारेषण तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इस कार्य को पूर्ण किया गया। 400 केवी अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र खेदामारा से 220 केवी उपकेंद्र भिलाई में पहले ही 2 लाइनों से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। शुक्ला द्वारा 2 अन्य फीडर को ऊर्जीकृत किया गया जिससे अब 220 केवी से कुल 4 लाइनों से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। नए लाइन की लंबाई क्रमशः 12.72 किलोमीटर व 17.92 किलोमीटर है। यह कार्य अति उच्चदाब निर्माण वृत्त के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया, जिसकी लागत 5 करोड़ रु. है। इस कार्य से दुर्ग, भिलाई क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी, इसके अलावा गुरूर और भाटापारा क्षेत्र को भी भिलाई उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति होगी। इस कार्य से गर्मी के मौसम में किसानों एवं उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक लाइन संजय पटेल, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खण्डेलवाल, पीपी सिंह, सुनील भूआर्य, पुष्पा पिल्लई तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की ईवी सेगमेंट में आक्रामक रणनीति निरंतर है जारी, एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय ईवी सेक्टर में अपनी गति को निरंतर बनाए रखते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट को पेश किया है, इससे कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का और विस्तार हुआ है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट 17,24,800 रुपए की एक्स-शोरूम कीमत और 12.24 रुपए +4.5 रुपए/किमी की बीएएएस कीमत पर उपलब्ध होगी। ग्राहक अपने निकटतम एमजी डीलरशिप पर 11,000 रुपए का भुगतान कर इस कार को बुक कर सकते हैं। इस वेरिएंट की डिलीवरी जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी। लग्जरी और व्यावहारिकता को एक साथ मिलाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। विलासिता और व्यावहारिकता को एक साथ लाते हुए, एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट एमजी विंडसर की विशिष्ट आरामदायक सुविधाओं के साथ-साथ लंबी दूरी की चिंता मुक्त यात्रा के लिए एक बड़ी बैटरी पैक प्रदान करता है। इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, राकेश सेन, बिक्री प्रमुख, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, एमजी विंडसर प्रो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया सराहनीय है, क्योंकि इसके लॉन्च के 24 घंटों के भीतर 8,000 से ज्यादा बुकिंग हो गई है। टॉप वेरिएंट के बाजार में स्थापित होने के साथ, हम एमजी विंडसर की पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और एक्सक्लूसिव प्रो वेरिएंट पेश कर रहे हैं, जो प्रीमियम आराम और सुविधा के साथ एक बड़े बैटरी पैक के साथ आती है। इस कदम का उद्देश्य एमजी विंडसर प्रो को और अधिक ग्राहकों के करीब लाना है। एमजी विंडसर एक्सक्लूसिव प्रो में फ्यूचरिस्टिक एयरोग्लाइड डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है और यह एमजी के ग्लोबल स्मार्ट इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर निर्मित है, जो अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध है। नया इंटीरियर्स आलीशान है, और रिक्लाइनेबल (135 डिग्री तक) एयरो लाउंज सीट हर यात्रा को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। इसकी इमर्सिव तकनीक, जो आई-स्मार्ट द्वारा संचालित है, जिसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स, 100 से ज्यादा एआई आधारित वॉयस कमांड और मनोरंजन फीचर्स शामिल हैं, सेंट्रल कंसोल में एक विशाल 15.6 इंच ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले द्वारा संचालित है, जिसमें नौ स्पीकर्स लगे हैं।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया ऑल-न्यू एक्स-एडीवी 'बुकिंग शुरू'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रीमियम टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ऑल-न्यू एक्स-एडीवी को लॉन्च किया है। यह गाड़ी एक ओर एडवेंचर मोटरसाइकिल की ताकत और परफॉर्मेंस देती है, वहीं दूसरी ओर मैक्सी-स्कूटर जैसी सुविधा और आराम भी। यानी बाइक की दमदारी और स्कूटर की सहूलियत, दोनों का बेहतरीन संगम। एक्स-एडीवी की बुकिंग देशभर में होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू होने की संभावना है। गुरुग्राम (हरियाणा) में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11.90 लाख रूपए रखी गई है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, होंडा में हम हमेशा परंपरागत सोच से आगे बढ़ते हुए मोटरसाइक्लिंग के अनुभव को नया आकार देने की कोशिश करते हैं। एक्स-एडीवी हमारी इनोवेशन और डिज़ाइन की सोच का प्रमाण है। यह एक ऐसी मशीन है जो एडवेंचर और शहरी राइडिंग की सीमाओं को तोड़ती है। इसकी खास स्टाइलिंग, दमदार परफॉर्मेंस और एडवांस टेक्नोलॉजी उन राइडर्स के लिए है जो दो पहियों पर कुछ नया तलाशते हैं।

### भारत में स्वच्छ इस्पात निर्माण को नई ऊर्जा

## आर्सेलर मित्तल की 1 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा परियोजना से एएम/एनएस इंडिया को मिलने लगी बिजली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आर्सेलर मित्तल की अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना – एक गीगावॉट की सौर और पवन ऊर्जा संयंत्र, जो भारत के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में स्थित है ने हाल ही में एएम/एनएस इंडिया को स्वच्छ बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी है। एएम/एनएस इंडिया, आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन स्टील के बीच 60:40 के अनुपात में गठित इस्पात निर्माण का संयुक्त उद्यम है। करीब 700 मिलियन डॉलर की इस परियोजना को आर्सेलर मित्तल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एएम ग्रीन एनर्जी द्वारा विकसित, निर्मित और चालू किया गया है। यह परियोजना हर वर्ष एएम/एनएस इंडिया के 1.5 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक होगी, जिससे कंपनी को 2021 को आधार वर्ष मानते हुए 2030 तक अपने इस्पात उत्पादन की कार्बन तीव्रता में 20% की कटौती के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना को एक हाइब्रिड मॉडल के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें 1 गीगावॉट की सौर और पवन ऊर्जा क्षमता को एक तृतीय-पक्ष जल-आधारित पम्प्ड स्टोरेज प्रणाली (जो वर्तमान में परीक्षण चरण में है और जून 2025 तक चालू होने की उम्मीद है) के साथ जोड़ा गया है। यह संयोजन परियोजना को न्यूनतम 250 मेगावाट की राउंड-द-क्लॉक (24×7) बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम बनाएगा, जो इस्पात उत्पादन जैसे सतत ऊर्जा आवश्यकताओं वाले उद्योग के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह संयंत्र एएम/एनएस इंडिया के हजीरा, गुजरात स्थित इस्पात संयंत्र की वर्तमान कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का 20% से अधिक योगदान देगा। अपने विशाल आकार के कारण, यह परियोजना अत्यंत प्रभावशाली है, सौर ऊर्जा संयंत्र 2,400 एकड़ में फैला है, जो 1,700 से अधिक फीफा आकार के फुटबॉल मैदानों के बराबर है, जबकि पवन ऊर्जा स्थल 700 एकड़ क्षेत्र में विस्तृत है। अब, जब यह परियोजना पूर्ण रूप से चालू हो चुकी है और नामित क्षमता पर कार्य कर रही है, तो लगभग 15 लाख सौर पैनल और 91 पवन टरबाइन मिलकर सालाना 2.5 बिलियन किलोवॉट-घंटा बिजली उत्पन्न करेंगे, जो कि लगभग एक करोड़ भारतीय घरों की वार्षिक बिजली आवश्यकताओं के बराबर है। इस अवसर पर आर्सेलर मित्तल के सीईओ, आदित्य मित्तल ने कहाः नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में निवेश आर्सेलर मित्तल के लिए एक रोमांचक नया व्यावसायिक क्षेत्र है। यह हमारे इस्पात निर्माण कार्यों के लिए लागत-प्रभावी स्वच्छ ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करता है और हमारे डीकार्बोनाइजेशन (कार्बन न्यूनीकरण) लक्ष्यों को भी सुदृढ़ करता है। भारत में यह परियोजना हमारे प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा पहलों में से पहली है जिसे चालू किया गया है। यह एक व्यापक और महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसे लगभग 18 महीनों में दक्षता और सुरक्षा के साथ पूरा किया गया, भारत में इस पैमाने की सबसे तेज़ पूर्ण हुई परियोजनाओं में से एक। अब यह एएम/एनएस इंडिया को स्वच्छ बिजली की आपूर्ति कर रही है। इस सफलता के लिए परियोजना से जुड़े सभी सहयोगियों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। यह परियोजना भारत में सुरक्षित और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भारत की यह परियोजना आर्सेलर मित्तल द्वारा विश्व स्तर पर विकसित की जा रही कई अक्षय ऊर्जा पहलों में से एक है। वर्तमान में कंपनी भारत, ब्राज़ील और अर्जेंटीना में कुल 2.3 गीगावॉट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। यह परियोजना आर्सेलर मित्तल की रणनीतिक विकास योजनाओं का भी हिस्सा है, जिनसे कंपनी को 2027 के अंत तक सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने पर वार्षिक .1.9 बिलियन की अतिरिक्त ईबीआईटीडीए अर्जित होने की उम्मीद है।

## एयरटेल और गूगल ने अपने पोस्टपेड और वाई-फाई ग्राहकों को गूगल वन सब्सक्रिप्शन देने के लिए साझेदारी की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और गूगल ने एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल के ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, जो सीमित डिवाइस स्टोरेज की समस्या का सामना कर रहे हैं। एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहक इस पेशकश के तहत छह महीने तक 100 जीबी का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक यह स्टोरेज पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे। एयरटेल और गूगल की यह साझेदारी उस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें उपभोक्ता सीमित स्टोरेज के कारण बार-बार फाइलें डिलीट करने या महंगे फिजिकल स्टोरेज विकल्पों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। इस सुविधा से ग्राहक अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज़ और अन्य डिजिटल सामग्री को बिना किसी झंझट के स्टोर कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, एंड्रॉइड यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप चैट्स का बैकअप भी गूगल अकाउंट स्टोरेज में सुरक्षित रहेगा, जिससे नए डिवाइस में स्थानांतरण आसान हो जाएगा। यह क्लाउड स्टोरेज सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी, जिससे एयरटेल के विस्तृत और विविध ग्राहक वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस साझेदारी पर बात करते हुए सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर मार्केटिंग और सीईओ, कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, स्मार्टफोन सिर्फ संचार का माध्यम नहीं, बल्कि पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को सुचारू ढंग से मैनेज करने का जरिया बन गए हैं। ऐसे में स्टोरेज की समस्या ग्राहकों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि गूगल के साथ साझेदारी के ज़रिए हम अपने ग्राहकों को एक सुरक्षित, भरोसेमंद और आसान क्लाउड स्टोरेज समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। यह साझेदारी हमारे लाखों पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहकों को 100 जीबी अतिरिक्त स्टोरेज का लाभ उठाने का अवसर देगी। करेन टियो, वाइस प्रेसिडेंट, प्लेटफॉर्म्स एंड डिवाइसेज़ पार्टनरशिप्स, गूगल एशिया-पैसिफिक ने कहा, हम भारत में लाखों यूज़र्स तक गूगल वन की सुविधा पहुंचाने के लिए एयरटेल के साथ साझेदारी करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को उनके मोबाइल डिवाइस में मौजूद फोटो, वीडियो और ज़रूरी फाइल्स का सुरक्षित बैकअप लेने में मदद करना है, ताकि वे गूगल फोटोज, ड्राइव, जीमेल और अन्य सेवाओं में अतिरिक्त स्टोरेज का लाभ उठा सकें।

# जिले में हुई घटना को लेकर लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने सरकार के कार्यप्रणाली को कोसा

## लोधी समाज एवं सर्व समाज आक्रोशित




पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बीते दिनों बेमेतरा जिले में हुई घटना को लेकर लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने जमकर सरकार के कार्यप्रणाली को जम कर कोसा। उन्होने कहा कि ग्राम सोनपुरी की घटना एक कलंक के समान है एक दरिंदे की कारगुजारियों का अंजाम है कि एक 11 वर्षिय बिटिया को अपनी जान से हाथ धोना पड गया। जिससे लोधी समाज एवं सर्व समाज आक्रोशित है। उन्होने कहा कि बेमेतरा जिला, तहसील नवागढ़, चैकी संबलपुर अंतर्गत ग्राम सोनपुरी के निवासी, आपका ध्यान एक जघन्य अपराध और पुलिस की घोर लापरवाही को दर्शाता है। ग्राम सोनपुरी निवासी अजय कुमार राजपूत की 11 वर्षीय पुत्री कुमारी सोनाक्षी के साथ अनाचार का प्रयास विफल होने पर आरोपी सोहन राजपूत ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। संबलपुर चैकी पुलिस ने उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार किया, किंतु 17 फरवरी 2025 को वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। जिसको लेकर 2 मई 2025 को लोधी समाज ने अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), नवागढ़ को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि 19 मई 2025 तक आरोपी को पकड़ा जाए, अन्यथा 20 मई को संबलपुर चैकी का घेराव किया जाएगा। 20 मई 2025 तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण लोधी समाज और सर्व समाज ने संबलपुर चैकी का घेराव किया।

**वही वर्तमान स्थिति में:** - 20 मई 2025 को, आरोपी सोहन राजपूत फरार है। पुलिस द्वारा 20 फरवरी 2025 को 5,000 के इनाम की घोषणा के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई । साथ ही, शासन और प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को अब तक कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई, जिससे परिवार आर्थिक और भावनात्मक रूप से टूट चुका है। इस लापरवाही से समाज में भय और आक्रोश व्याप्त है।

**क्या है समाज की प्रमुख मांगे** - आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी सोहन राजपूत को दिनों के भीतर गिरफ्तार किया जाए। फांसी की सजा और **फास्ट ट्रैक कोर्ट:** इस जघन्य अपराध के लिए आरोपी को फांसी की सजा दी जाए और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में तत्काल शुरू हो ताकि शीघ्र न्याय मिले। पुलिस लापरवाही की जांचः पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को त्वरित सहायताः पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मुआवजा कम से कम 10 लाख प्रदान किया जाए। (5. सुरक्षा सुनिश्चित करें: क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। अन्यथा समाज द्वारा चेतावनी 05/06/2025 2025 तक मांगें पूरी नहीं हुई, तो लोधी समाज और सर्व समाज राज्यव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।

ज्ञापन सौपने वालो में लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जय प्रकाश लोधी,विष्णु लोधी, विमल पटेल,पीलाराम कौशिक, गुरू रूद्र कुमार, आशिष छाबडा, गुरूदयाल बंजारे, जागेश्वरी वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शशि प्रभा गायकवार्ड जिला पंचायत सदस्य, सुशिला जोशी जिला पंचायत सदस्य, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, बब्लू राजपूत, ईश्वर लोधी, माधोसिंह राजपूत, पोषागिल वर्मा, विजय बघेल, देवादास चर्तुवेदी, हरी किशन कुर्रे, अंजली पूर्व जनपद सदस्य, सहित बडी सख्या मे लोधी समाज एवं सर्व समाज के सदस्य उपस्थित रहें ।

# अनाचार के 04 आरोपियों को चांपा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अनाचार (दुष्कर्म) के 04 आरोपियों को चांपा पुलिस ने किया गिरफ्तार। दोपहर, पीड़िता अपने पिता के साथ घर पर थी। आरोपियों से पूर्व परिचय होने के कारण उनका घर आना-जाना रहता था। उक्त दिन आरोपियों ने पीड़िता के घर पर भोजन किया और कुछ समय बाद जब पीड़िता का पिता सो गया, तब सभी आरोपियों ने पीड़िता को पकड़कर जबरन दूसरे कमरे में ले जाकर उसके साथ बारी बारी से अनाचार किये, घटना के बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। डरी-सहमी पीड़िता ने अगले दिन अपनी माँ बाहर से घर आने के बाद घटना की जानकारी दी, जिस पर थाना चांपा में दिनांक 20-5-25 को आरोपियों के विरुद्ध 70 (1) BNS के तहत प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण में विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए विजय कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में थाना चांपा से एक विशेष टीम गठित की गई। और आरोपी 01. मनोज कुमार पटेल उम्र 33 वर्ष, निवासी जमनीपाली, पटेलपारा, उरगा, जिला कोरबा2. नरेंद्र कुमार पटेल, उम्र 37 वर्ष निवासी जमनीपाली, पटेलपारा, उरगा, जिला कोरबा3. रामकुमार पटेल, उम्र 31 वर्ष निवासी जमनीपाली, पटेलपारा, उरगा, जिला कोरबा4. धरम चौहान उम्र 53 वर्ष निवासी कुदारी टाल थाना नागरदा जिला शक्ति को गिरफ्तार किया गया टीम द्वारा आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। सूचना मिली कि सभी आरोपी रायगढ़-कोरबा रोड की ओर ट्रक में बैठकर भाग रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने से करतला के पास ट्रक में बैठे चारों आरोपियों को धर-दबोचा। पूछताछ में उन्होंने घटना को अंजाम देना स्वीकारकिया, विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य पाया गया जिस पर सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सराहनीय योगदान-इस कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता (थाना प्रभारी चांपा), सउनि अरुण सिंह, मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र कुमार टंडन, प्रकाश राठौर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, आरक्षक डीकेश्वर साहू, मुद्रिका दुबे, सुमंत कंवर, माखन साहू, पदम राज, महिला आरक्षक संगीता, शकुंतला नेताम तथा सायबर सेल से निरीक्षक सागर पाठक, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक अर्जुन यादव ,हजारी मेरसा का विशेष सहयोग रहा।

# जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके द्वारा किये गये योगदान को याद किया गया। साथ ही आगामी 26 मई को ोने वाले जिला स्तरीय संविधान बचाओं रैली के आयोजन की रूप रेखा भी तैयार की गई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि देश में आधुनिक विकास की आधारशिला रखने वाले इस महान दूरदर्शी नेता को कोटि-कोटि नमन आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होन सशक्त भारत की नीव रखने में अहम भूमिका अदा की, युवाओं को 18 वर्ष होने पर मतदान का अधिकार , पंचायती राज अधिनियम सहित संचार कांति का जनक के रूप में राजीव गांधी को हमेशा याद किया जायेगा । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव, दिलीप बंजारा,जिला उपाध्यक अभिलाष सिंह, संजय यादव, राजेंद्र यादव, इंद्रजीत कुर्रे, सूरज यादव, जलेश यादव, रमेश राजपूत, अभिषेक यादव उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया पीएम जनमन आवास का अवलोकन

## पारंपरिक रीति रिवाज से हितग्राहियों ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सुदूरवर्ती पहाड़ी कोरवा ग्राम हरगवां (ढोढरी कला)पहुंचे। जहां लहंगू पहाड़ी कोरवा के घर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया गया। लहंगू और उनकी पत्नी ने सरई फूलों की माला पहनाकर आत्मीयता से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने खाट पर बैठकर लहंगू और उनके परिवार से विस्तारपूर्वक चर्चा की इस दौरान मुख्यमंत्री परिवार से पूरी सहजता के पहाड़ी कोरवा परिवार से घुलते मिलते नजर आए। उन्होंने उनके जीवन, दिनचर्या, संस्कृति के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लहंगू से आवास के संबंध में पूछा जिस पर लहंगू ने बताया कि पहले कच्ची मकान में रहने के साथ कई समस्याएं होती थी। लेकिन पक्के आवास से अब खुश है। अब किसी प्रकार की चिंता नहीं सताती।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सरई पत्तों से बने दोने-पत्तल में तेंदू,चार और लीची जैसे स्थानीय और मौसमी फल परोसे गए। आम से बने पारंपरिक पेय आम पना का भी उन्होंने स्वाद लिया। लहंगू की पत्नी दरसी ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से तैयार की गई छिंद की चटाई, रागी, कुटकी और कटहल का फल उपहार स्वरूप भेंट किया, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा भूखना के पीएम जनमन आवास योजनान्तर्गत बने आवास का भी अवलोकन किया।

# शनि जयंती एवं मंदिर स्थापना के 18 वर्ष गांठ पर शनि मंदिर में विशेष पूजा कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के बाजार पारा में स्थित श्री शनि देव मंदिर में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या के अवसर पर 27 मई मंगलवार को श्री शनि जयंती एवं मंदिर स्थापना दिवस का 18 वर्षगांठ मनाया जा रहा है, इसके उपलक्ष्य में प्रातः 9 बजे से शनि प्रसन्न नवग्रह शक्ति हवन पूजन कार्यक्रम रखा गया है। वहीं 10:30 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। वही प्रातः 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक देव पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री शनि मंदिर के पुजारी राजा शर्मा ने नगर के सभी श्रद्धालु माता बहनों भाइयों से उक्त अवसर पर पहुंचने की अपील की है।

# रेम्बो स्कूल मुंगेली के छात्रों का 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

रेम्बो मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों ने सत्र 2024 -25 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ,अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम रौशन किया है। कक्षा 12वीं में, प्रथम स्थान-तिशा साहू 90.60 प्रतिशत द्वितीय - अल्पना कुर्रे 89.80 प्रतिशत, तृतीय-हीना यादव 88.20 प्रतिशत, चतुर्थ-तुषार सचदेव 86.20 प्रतिशत एवं पांचवें स्थान पर पीयूष मिश्रा 85.60 प्रतिशत रहे। वहीं कक्षा 10वीं में भी प्रथम स्थान खुशी कश्यप 95.83 प्रतिशत द्वितीय मोंशिका ध्रुव 95.67 प्रतिशत तृतीय मिनाक्षी सोनी 94.67 प्रतिशत चतुर्थ स्नेहा सोनवानी 94.50 प्रतिशत पांचवे शिखा वर्मा 92.83 प्रतिशत छठवे मुस्कान पात्रे 92.33 प्रतिशत सातवे सुहानी साहू 92.17 प्रतिशत आठवे प्रतिक्षा जांगड़े 90.33 प्रतिशत नवमे साक्षी तिवारी 88.17 प्रतिशत एवं आयुष किशन क्षत्रिय 87 प्रतिशत के साथ दसवें स्थान पर रहे। छात्रों के परीक्षा परिणाम के सम्बंध में स्कूल की प्राचार्या सोफिया जे. हैरिसन ने कहा यह हमारे शिक्षक एवं छात्रों के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है,एवं उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर यूथ कांग्रेसियो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

21 मई को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाते हुए बालोद जिले के युवा कांग्रेस ने जिला राजीव कांग्रेस भवन में रक्त दान शिविर का आयोजन कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया। राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में यूथ कांग्रेसियो ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े और महामंत्री आदित्य दुबे सहित विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू ने रक्तदान में भाग लिया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि वे देश की सेवा करते हुए बलिदान हुए। उन्होंने कहा कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आदित्य दुबे ने राजीव गांधी के विजन को साझा किया। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी का सपना था कि भारत तकनीक, शिक्षा और युवा शक्ति के बल पर एक मजबूत राष्ट्र बने। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के अजय साहू, उत्तम टंडन और अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। जिला युवा कांग्रेस से सहित कई कांग्रेस इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के साथी आदित्य दुबे जिला प्रशासनिक महामंत्री, विधान सभा अध्यक्ष संदीप साहू,उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, जनपद मोहनीश पारकार, फैल अली उपाध्यक्ष शहर युवा कांग्रेस, देवराज ध्रुव, राम गावड़े, अशद अली, दुर्गेश नेताम, मनोज नेताम, सन्नी नेताम, लोकेश बघेल, राहुल ठाकुर, विक्की साहू, बलराम गावड़े, निखिल रगड़े, नजीर अल्ली, आकाश श्रीवास्तव, अरफान खान, रोशन, हिमांशु सोनी, सभी युवा कांग्रेस के साथी शामिल थे।

# गायत्री परिवार के आदर्शों और संदेश को जन मानस तक पहुंचाने का कर रहे काम

## ज्योति कलश रथ यात्रा गांव गांव जाकर संकल्प पत्रिका किया भेंट

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी व अखण्ड ज्योति (दीप) के शताब्दी वर्ष 1926 +2026 के पावन पर्व पर संपूर्ण भारत वर्ष में अखण्ड दीप ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गई है यह रथ विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली पहुंची छः दिनों तक सरायपाली के वार्डो सहित अंचल के लगभग 60 गांवों में भ्रमण कर लोगों तक विचार क्रांति अभियान चलाया व जनमानस तक पहुंचाया गया अखण्ड ज्योति रथ यात्रा प्रत्येक गांव में परिजनों ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प पाठ में सहभागिता कर कार्यक्रम को भावपूर्ण बनाया इस धार्मिक सामाजिकजनजागरण रथ यात्रा में अनेक समर्पित परिजनों ने सक्रिय योगदान दिया सभी लोगों ने गांव गांव भ्रमण कर रथ यात्रा में सत्संकल्प पत्र के लिए लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरुदेव का सद साहित्य भेंट किया गया इस दौरान लोगों को सतमार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया गया गांव गांव में रथ यात्रा पहुंच कर गायत्री परिवार के आदर्शों संदेशों को जन मानस तक पहुंचाया गया यह रथ यात्रा सरायपाली क्षेत्र के 60से अधिक गांवों का भ्रमण कर सत्संग दीप यज्ञ के माध्यम से लोगों तक विचार क्रांति का संदेश दिया इस दौरान लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरु जी के सद साहित्य का वितरण किया गया पत्र पत्रिका वितरण का मुख्य उद्देश्य जन जन तक गायत्री परिवार के विचारक्रांति का संदेश को पहुंचाना लोगों को सतमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना नव चेतना का विकास कर लोगों में नवाचार लाना।

## रानी अहिल्याबाई का जीवन भारतीय संस्कृति, सेवा और समर्पण का प्रतिरूप है : भरत सिंह

# रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर भाजपा ने जिला स्तरीय संगोष्ठी का किया आयोजन, वक्ताओं ने रखे विचार

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युगों तक प्रेरणा देने वाली महान विभूति बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा, ÷रानी अहिल्याबाई होलकर एक ऐसी नारी थीं, जिन्होंने अपने तप, त्याग और शासन कौशल से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने जनकल्याण को शासन का मूल मंत्र बनाकर सिद्ध किया कि एक महिला, जब संकल्प लेती है, तो वह समाज की दिशा बदल सकती है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, -रानी अहिल्याबाई का जीवन भारतीय संस्कृति, सेवा और समर्पण का प्रतिरूप है। आज जब हम उनके आदर्शों को याद करते हैं, तो यह हमारे लिए आत्मनिरीक्षण का अवसर भी है कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन कितनी निष्ठा से कर रहे हैं। भाजपा सदैव ऐसे महापुरुषों और नारियों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्पित है। जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने रानी अहिल्याबाई को संगठनात्मक अनुशासन और धर्मपरायण शासन का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा, उनकी शासन प्रणाली में जनहित सर्वोपरि था। मंदिर निर्माण हो या धर्मशालाओं का निर्माण, उनका हर कार्य समाज को जोड़ने वाला था। हमें भी ऐसे ही निर्णय और कार्य अपने संगठन एवं समाज के हित में करने चाहिए। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा, रानी अहिल्याबाई ने एक विधवा होते हुए भी हार नहीं मानी और समाज सेवा को अपना धर्म बनाया। उन्होंने सामाजिक पुनर्निर्माण की जो मिसाल पेश की, वह आज भी प्रासंगिक है। भाजपा कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे भी इसी समर्पण के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा, रानी अहिल्याबाई ने एक न्यायप्रिय, करुणामयी और दूरदर्शी प्रशासिका के रूप में खुद को स्थापित किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कैसे आध्यात्मिकता और प्रशासनिक दक्षता का संतुलन समाज को उन्नति की ओर ले जा सकता है। उनके पदचिह्नों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संगोष्ठी का कुशल संचालन भाजपा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा ने किया। उन्होंने रानी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को सामने रखते हुए कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य रूप से जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पूर्व विधायक भरत साय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा उपाध्यक्ष युवराज यश प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगा राम भगत, गोपाल राय, शंकर गुप्ता, रीना बरला, शांति भगत, उपेन्द्र यादव, राजकपूर भगत, रूपेश सोनी, संतोष सिंह, शरद चौरसिया, असलम आज़ाद, शारदा प्रधान, राजकुमार गुप्ता, पंकज जायसवाल, हदीस अंसारी, हरिशंकर यादव, देवलाल भगत, श्यामलाल भगत, गोविंद राम भगत, ममता कश्यप, अंकित बंसल, पिंकी गुप्ता, अंजू टोप्पो, नसरुल्लाह सिद्दीकी, उस्मान कुरैशी, जुनेद अहमद, मनव्वर आज़ाद, संतोष सहाय, हरीश कुमार, कृपा भगत, विनोद निकुंज, सुधीर भगत, आकाश गुप्ता, विकास नाग, दीपक गुप्ता, राहुल गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, नटवर मूंदड़ा, बॉबी ताम्रकर, सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय गणमान्य नागरिक, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## छत्तीसगढ़ के 5 अमृत स्टेशन




अम्बिकापुर



भिलाई



डोंगरगढ़




उरकुरा



भानुप्रतापपुर

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**रमेन डेका**
राज्यपाल, छत्तीसगढ़

**विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**भारतीय रेल**

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia


सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403